हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 12 अंक : 131 देहरादून, मंगलवार, 14 नवंबर, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



छत्तीसगढ़ की चुनावी सभाओं में गरजे देवभूमि के महाराज 3

# ग्राउंड जीरो पर सीएम धामी ने बचाव कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

## उत्तरकाशी के सिलक्यारा में धंसी निर्माणाधीन टनल का स्थलीय निरीक्षण करने पहुंचे मुख्यमंत्री






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 14 नवंबर , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सोमवार को उत्तरकाशी के सिलक्यारा में धंसी निर्माणाधीन टनल का स्थलीय निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सिलक्यारा टनल में फंसे श्रमिकों को निकालने के लिए जारी बचाव एवं राहत कार्यों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने स्वयं टनल में जाकर राहत एवं बचाव कार्यों की स्थिति को जाना। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राहत और बचाव कार्यों के लिए सभी संभव विकल्पों पर विचार किया जा रहा है। बचाव कार्य के लिए बड़े व्यास के ह्यूम पाइप हरिद्वार और देहरादून से भेजे जाने की व्यवस्था कर दी गई है।

धामी ने स्थलीय निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को राहत एवं बचाव कार्य में और अधिक तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुरंग में फंसे मजदूरों को जल्द सुरक्षित निकालना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने राहत और बचाव अभियान में जुटे अधिकारियों और विभिन्न एजेंसियों को परस्पर बेहतर समन्वय और तत्परता के साथ राहत और बचाव कार्य उच्च दक्षता और पूरी क्षमता के साथ चलाने के निर्देश देते हुए कहा कि अभियान के लिए बाहर से जिस तरह के संसाधनों व तकनीकी सहायता की आवश्यकता होगी उसे सरकार यथाशीघ्र उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कहा किसी भी स्तर पर कोई भी आवश्यकता होने पर शीघ्र शासन को सूचित किया जाए।

**पीएम मोदी ने फोन पर लिया हालात का जायजा :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राहत और बचाव कार्यों के लिए सभी संभव विकल्पों पर विचार किया जा रहा है। बचाव कार्य के लिए बड़े व्यास के ह्यूम पाइप हरिद्वार और देहरादून से भेजे जाने की व्यवस्था कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने भरोसा जताया की ईश्वर की कृपा और बचाव अभियान में जुटे लोगों के अथक प्रयासों के चलते सुरंग के अंदर फंसे मजदूरों को जल्द सुरक्षित निकाल लिया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फोन के माध्यम से टनल में फंसे श्रमिकों की स्थिति, राहत एवं बचाव कार्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने बताया प्रधानमंत्री जी ने इस दुर्घटना से निपटने हेतु हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। साथ ही हर स्थिति पर नजर बनाए रखने के निर्देश भी दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा केंद्रीय एजेंसियों को भी राहत और बचाव कार्यों में सहयोग करने हेतु निर्देशित किया गया है।




मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुख्यमंत्री आवास में श्री पंचदश नाम जूना अखाड़ा के महामण्डलेश्वर स्वामी यतीन्द्र आनन्द गिरी ने शिष्टाचार भेंट कर मुख्यमंत्री को दीपावली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट और सांसद हरिद्वार डॉ. निशंक ने किए बदरी-केदार के दर्शन





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

रुद्रप्रयाग । केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट और पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद डा. रमेश पोखरियाल निशंक ने सोमवार को पारिवारिक सदस्यों के साथ भगवान केदारनाथ और बदरीनाथ के दर्शन किए। इस मौके पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता ने उनका स्वागत किया। केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट सोमवार प्रातः पहले केदारनाथ धाम पहुंचे मंदिर में दर्शन करने पहुंचें। यहां मंदिर समिति की ओर से उनका स्वागत किया गया तथा बीकेटीसी ने उन्हें भगवान केदारनाथ का प्रसाद भेंट किया। इसके बाद वे बदरीनाथ के लिए रवाना हुए और वहां पूजा-अर्चना की। इसी समय पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद डा. रमेश पोखरियाल निशंक ने भी बदरीनाथ के बाद केदारनाथ के दर्शन किए। दोपहर बाद निशंक केदारनाथ धाम दर्शन को पहुंचे। मंदिर में दर्शन के बाद कार्याधिकारी आरसी तिवारी ने उनका स्वागत किया तथा भगवान का प्रसाद भेंट किया। इस मौके पर केदार सभा अध्यक्ष राजकुमार तिवारी, पुजारी शिवलिंग, धर्माचार्य ओंकार शुक्ला, प्रदीप सेमवाल, कुलदीप धम्वाण, ललित त्रिवेदी आदि मौजूद थे।

# श्रीहरि के पैर क्यों दबाती हैं मां लक्ष्मी? रोचक है वजह

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 14 नवंबर , कार्तिक का महीना मां लक्ष्मी और विष्णु जी को समर्पित है. श्रीहरि विष्णु जहां सृष्टि के पालनहार हैं तो वहीं लक्ष्मी जी समस्त सुखों को प्रदान करने वाली देवी. कार्तिक में दिवाली पर धन, सुख, ऐश्वर्य और समृद्धि की देवी लक्ष्मी की पूजा की जाती है. देवी-देवताओं में श्रीहरि-लक्ष्मी जी बहुत महत्वपूर्ण माने जाते हैं. अक्सर तस्वीरों में देखा जाता है कि मां लक्ष्मी विष्णु जी के चरणों के निकट बैठती हैं. लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि धन की देवी होने के बावजूद भी मां लक्ष्मी विष्णु जी चरण क्यों दबाती हैं ? जानें इसकी रोचक वजह

लक्ष्मी विष्णु जी के चरणों के निकट बैठती हैं

एक पौराणिक कथा के अनुसार, एक बार नारद जी ने मां लक्ष्मी से पूछा कि आप श्रीहरि के पैर क्यों दबाती रहती हैं? तब मां लक्ष्मी ने कहा कि मनुष्य हो या फिर देवता, ग्रहों का प्रभाव सभी पर समान रूप से पड़ता है. स्त्रियों के हाथ में देवगुरु निवास करते हैं, जबकि पुरुष के पैरों में दैत्यगुरु शुक्राचार्य का वास होता है. इसलिए जब भी एक स्त्री पुरुष के चरण स्पर्श करती है तो देव व दानव का मिलन होता है और इससे धन लाभ होता है. यही कारण मां लक्ष्मी श्रीहरि के चरण दबाती हैं.

दूसरी कथा

एक अन्य कथा के अनुसार अलक्ष्मी अपनी बड़ी बहन मां लक्ष्मी जी के सौंदर्य को देखर बहुत ईर्ष्या करती थीं क्योंकि लक्ष्मी बेहद सुंदर थीं. वहीं अलक्ष्मी आकर्षक नहीं थीं. देवी लक्ष्मी जब भी विष्णु जी के साथ होतीं, तब अलक्ष्मी वहां पहुंच जाती थीं. ये बात लक्ष्मी जी को पसंद नहीं आती थी. अलक्ष्मी ने कहा कि उनकी कोई पूजा नहीं करता है. इसलिए जहां भी लक्ष्मी जी जाएंगी वो वहां उनके साथ आएगी. इस बात से क्रोधित होकर लक्ष्मी जी ने अपनी बहन अलक्ष्मी को श्राप दिया कि जहां ईर्ष्या, लालच, आलस, रोष और गंदगी होगी वहां तुम निवास करोगी. ऐसे में अपने मां लक्ष्मी हमेशा ही अपने पति के चरणों की गंदगी दूर करती रहती हैं जिससे अलक्ष्मी कभी भी उनके पास न आ पाए.




# घड़ी हमेशा बाएं हाथ पर ही क्यों पहनी जाती है?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 14 नवंबर , हर कोई घड़ी अपने उल्टे यानि बाएं हाथ पर ही बांधता है, लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि ऐसा क्यों होता है? इसका एक वैज्ञानिक कारण है। कुछ दिन ही पहले नॉलेज से भरे इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्म Quora पर किसी ने कुछ इसी तरह की अपनी जिज्ञासा शांत करने के लिए अपना सवाल डाला। इसके बाद इस सवाल का जवाब देने वालों की झड़ी सी लग गई। आपके मन में भी अगर इसको लेकर जिज्ञासा है तो जानें इसकी अहम वजह।

**एक कारण घड़ी की सुरक्षा**

कुछ दिन ही पहले नॉलेज से भरे इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्म Quora पर किसी ने कुछ इसी तरह की अपनी जिज्ञासा शांत करने के लिए अपना सवाल डाला। इसके बाद इस सवाल का जवाब देने वालों की झड़ी सी लग गई। हर किसी का जवाब अपनी ही तरह का था, लेकिन दूसरी ओर इसके पीछे एक बड़ी वैज्ञानिक हकीकत छिपी हुई है। इस बात में कोई दो राय नहीं कि ज्यादातर लोग अपने दाहिने हाथ से काम करते हैं। चूंकि दाहिना हाथ अक्सर व्यस्त रहता है, इसलिए बाएं हाथ पर घड़ी बांधे जाने से किसी तरह की कोई बाधा आपकी दिनचर्या में नहीं आती। बाएं हाथ पर घड़ी पहनने से घड़ी सुरक्षित भी रहती है।

**दिलचस्प ऐतिहासिक पहलू**

इसी के साथ यहां एक बात और ध्यान देने वाली यह भी है कि पुराने लोग घड़ी को कलाई पर बांधने की बजाय जेब में रखते थे। अरसे पहले दक्षिण अफ्रीका में किसानों के संघर्ष के दौरान यह परंपरा बहुत लोकप्रिय हो गई। इतना ही नहीं थोड़ा इतिहास में झांके तो पता चलेगा कि एक वक्त घड़ी के आविष्कार का, जब स्वचालित घड़ियां प्रचलन में नहीं आई थी तो तब लोग दोनों में से किसी भी हाथ पर घड़ी पहन लेते थे। उल्टे हाथ पर बांधने पर चाबी बाहर की ओर मुड़ जाती थी, जिससे चाबी भरने में कठिनाई होती थी, क्योंकि दाहिने हाथ में बांधने पर वह अन्दर की ओर मुड़ जाती थी। इन्हीं पहलुओं को ध्यान में रखते हुए आजकल कंपनियां बाएं हाथ के हिसाब से ही घड़ी का निर्माण करती हैं।

**जानें एक और वैज्ञानिक वजह**

अब आते हैं एक और वैज्ञानिक कारण पर तो ध्यान होगा टेबल क्लॉक को हमेशा सीधा रखा जाता है। घड़ी को स्टैंड पर रखने पर 12 का अंक हमेशा शीर्ष पर रहता है। हम घड़ी को भी इसी तरह दीवार पर लटकाते हैं। ऐसे में हमारी पढ़ाई हमेशा 12 बजे से शुरू होती है और अगर आप घड़ी को बाएं हाथ की बजाय दाहिने हाथ की कलाई पर बांधते हैं तो घड़ी के नंबरों का क्रम उल्टा होकर 12 नंबर नीचे चला जाएगा, जिससे रीडिंग लेने में दिक्कत होगी।





# स्वदेशी गर्भनिरोधक इंजेक्शन की खूबियां और फायदे जानिए

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 14 नवंबर , महिलाओं के लिए तो अनचाहे गर्भधारण को रोकने के लिए कई सारे उपाय हैं। जिनमें से गर्भनिरोधक गोलियों से लेकर गर्भनिरोधक इंजेक्शन भी हैं। लेकिन अब पुरुषों के लिए भी गर्भनिरोधक इंजेक्शन का निर्माण हो गया है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (ICMR) का पहला गर्भनिरोधक टेस्ट सफल रहा। 7 सालों में कुल 303 स्वस्थ शादीशुदा पुरुषों के ऊपर ये प्रयोग किया गया।पुरुषों पर ICMR का पहला गर्भनिरोधक टेस्ट सफल रहा है. ICMR ने 303 शादीशुदा पुरुषों पर इसे प्रयोग किया. इन 303 स्वस्थ पुरुष वॉलंटियरों पर 7 साल तक यह प्रयोग चला. इस स्टडी में पता चला कि गैर-हार्मोनल इंजेक्शन वाले पुरुष गर्भनिरोधक RISUG (रिवर्सेबल इनहिबिशन ऑफ स्पर्म अंडर गाइडेंस) पूरी तरह सुरक्षित और प्रभावी है. यह लंबे समय तक काम करता है.मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अंतरराष्ट्रीय ओपन एक्सेस जर्नल एंड्रोलॉजी में स्टडी के तीसरे चरण के निष्कर्ष को प्रकाशित किया गया है. इसके मुताबिक 303 स्वस्थ, सेक्सुअली ऐक्टिव और विवाहित पुरुषों (25-40 वर्ष की आयु) को परिवार नियोजन उपाय के लिए चुना गया और 60 मिलीग्राम RISUG वाला इंजेक्शन दिया गया. खास बात यह है कि RISUG से बिना किसी गंभीर साइड-इफेक्ट के 99 प्रतिशत प्रेगनेंसी रोकी जा सकती है.

**नहीं हैं गंभीर साइड इफेक्ट्स**

इस स्टडी में पाया गया कि कि RISUG की गर्भावस्था रोकथाम दर बिना किसी गंभीर दुष्प्रभाव के 99.02 फीसदी थी. इसमें पाया गया कि RISUG ने 97.3 प्रतिशत एजोस्पर्मिया हासिल किया.यह एक मेडिकल टर्म है जो बताता है कि सीमेन में कोई एक्टिव शुक्राणु मौजूद नहीं है. इस स्टडी के दौरान इन 60 पुरुषो की पत्नियों के स्वास्थ्य की भी निगरानी की गई और पाया गया कि कोई साइड इफेक्ट नहीं पड़ा. पुरुषों के लिए बनाए गया यह गर्भनिरोधक इंजेक्शन जो पुरुषों की सेहत को बिना नुकसान पहुंचाए पार्टनर की प्रेग्नेंसी रोकने में सफल साबित हुआ है.



**RISUG कैसे काम करता है**

RISUG को स्पर्म डक्ट (टेस्टिकल में vas deferens या स्पर्म डक्ट होता है) में इंजेक्ट किया जाता है. RISUG को एक के बाद एक स्पर्म डक्ट्स में इंजेक्ट किया जाता है. इंजेक्शन वाली जगह पर लोकल एनेस्थीसिया दिया जाता है. एक बार इंजेक्शन लगने के बाद चार्ज्ड पॉलिमर स्पर्म डक्ट की आंतरिक वॉल में चिपक जाते हैं. जब पॉलिमर निगेटिव चार्ज्ड स्पर्म के संपर्क में आता है तो यह उसे नष्ट कर देता है. इससे ये एग्स को फर्टिलाइज करने में असमर्थ हो जाते हैं.

# छत्तीसगढ़ की चुनावी सभाओं में गरजे देवभूमि के महाराज

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून/छत्तीसगढ़, 14 नवंबर , सनातन धर्म पर जो लोग अंगुलियां उठा रहे हैं वह सनातन धर्म की महत्ता को समझते ही नहीं हैं। सनातन धर्म का अर्थ है जिसका आदि और अंत नहीं होता, वह हमारे जीवन का आधार है। प्रदेश के लोकनिर्माण, पर्यटन, सिंचाई, पंचायतीराज ग्रामीण निर्माण, जलागम, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने छत्तीसगढ़ के परसाडा में अभनपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी इंद्र कुमार साहू के समर्थन में और चिल्फी में साजा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ईश्वर साहू के समर्थन आयोजित चुनावी सभाओं स्थानीय जनता को सम्बोधित करते हुए जमकर भाषण दिया और हिंदुत्व पर अपनी राय रखी।

महाराज ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार में तेजी के विकास कार्य हो रहे हैं। विश्व में आज भारत का जयगान हो रहा है। जबकि वहीं छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। राज्य में विकास का पहिया जाम है। कांग्रेस सरकार में प्रदेश के प्राकृतिक संसाधन कोयले में





540 करोड़ का घोटाला हुआ है। प्रत्येक गौठान में हर माह गौ वंश के संरक्षण के नाम पर 1300 करोड़ रूपये का घोटाला किया गया।उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस के भ्रष्टाचार ने पीडीएस योजना को भी नहीं छोड़ा। खाद्य विभाग के डेटाबेस में 165000 मीट्रिक टन चावल दर्ज है, जबकि जिलों में दर्ज बचत के डेटाबेस में यही चावल मात्र 96080 मीट्रिक टन पहुंचा है। दोनों ही सरकारी आंकड़ों के बीच में 68900 मीट्रिक टन चावल का अंतर है, यह चावल आखिर कहाँ गया? डेटाबेस में गड़बड़ी कर लगभग 600 करोड़ रुपए का भ्रष्टाचार किया गया है।

कैबिनेट मंत्री महाराज ने चुनावी सभा में जनता से भाजपा प्रत्याशियों को विजय बनाने का अनुरोध करते हुए आह्वान किया कि वह राज्य से भ्रष्टाचारी कांग्रेस सरकार को उखाड़ कर भाजपा की डबल इंजन की सरकार को सत्ता में लायें ताकि यह प्रदेश विकास की बुलंदियों को छूते हुए नये कीर्तिमान स्थापित करें। इस मौके भाजपा के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# रामगढिया सभा ने श्रद्धा एवं उत्साह पूर्वक मनाया बाबा विश्वकर्मा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। रामगढिया सभा देहरादून के तत्ववाधान में महाराजा जस्सा सिंह जी रामगढिया के जन्म दिवस को समर्पित 63 वां वार्षिक विश्वकर्मा दिवस श्रद्धा एवं उत्साह पूर्वक कथा- कीर्तन के रूप में मनाया गया, इस अवसर पर बोर्ड परीक्षाओं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 3 छात्राओं सम्मानित किया गया। रामगढिया भवन, पटेल नगर में आयोजित कार्यक्रम में प्रातः श्री अखण्ड पाठ साहिब जी के भोग के पश्चात भाई कँवरपाल सिंह जी एवं काका मनप्रीत सिंह ने शब्द ₹ तिस जन के पग नित पूजिये ₹ एवं, मेरे राम हर जन के हों बल जाइ ₹का गायन किया। कथा वाचक भाई शमशेर सिंह जी, हैड ग्रंथी गु. श्री गुरु सिंह सभा ने कहा कि महाराजा जस्सा सिंह रामगढिया ने 1783 में दिल्ली फतह की एवं तख्ते ताउस को गुरु रामदास जी स्थान श्री अमृतसर ले आए। बाबा विश्वकर्मा जी शिल्प कला के जन्म दाता थे। भाई देविंदर सिंह, हजूरी रागी गु. पटेल नगर ने शब्द ₹ सुनो बैनती ठाकुर मेरे जी जंत तेरे धारे ₹ का गायन कर संगत को निहाल किया। इस अवसर पर बोर्ड परीक्षाओं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाली 3 छात्राओं को रामगढिया गोल्डन अवार्ड, स्मृति चिन्ह एवं शाल ओढ़ा कर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाली 12 ह्वद्ध कक्षा में 92 प्रतिशत प्राप्त करने वाली मनन कौर मरवाह, 12 कक्षा में 95. 4 अंक प्राप्त करने वाली कनिष्का कौर एवं हाई स्कूल में 91प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली तृप्ति कौर शामिल है। भाई जरनेल सिंह, महक देहरादून वालों ने शब्द ₹ हर जियो कृपा करहो तुम प्यारे ₹का गायन कर संगत को निहाल किया। मंच का संचालन करतार सिंह एवं सेवा सिंह मठारु ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के पश्चात संगत ने गुरु का लंगर प्रशाद ग्रहण किया।

इस अवसर पर सभा के प्रधान सुरजीत सिंह जुतले, वरिष्ठ उपाध्यक्ष परमजीत सिंह कुंदी, उपाध्यक्ष गुरमीत सिंह, महासचिव सेवा सिंह मठारु, कोषाध्यक्ष रघुवीर सिंह, सचिव राजिंदर सिंह राजा, स्टोर इंचार्ज मंजीत सिंह, प्रचार मंत्री दिलबाग़ सिंह, स्टेज सेक्रेटरी करतार सिंह, लेखा निरीक्षक बलदेव सिंह, कोरडीनेटर सुविंदर सिंह,सुरिंदर सिंह रामगढिया, मनजीत सिंह, गुरदियाल सिंह,हरप्रीत सिंह छाबड़ा,अरविन्दर सिंह,हरमिन्दर सिंह मरवाह,मनजीत सिंह फलोरा,गुरदीप सिंह माना,हरमोहिंदर सिंह,ईश्वर सिंह आदि उपस्थित थे।

## जलते पटाखे से गोदाम में लगी आग, परिवार फंसा

हरिद्वार। भेल सेक्टर दो से सटे हजारीबाग में जलता हुआ पटाखा गिरने से कबाड़ी के गोदाम में विकराल आग लगने से एक परिवार की जान पर बन आई। आनन-फानन में पहुंचे दमकलकर्मियों ने परिवार को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इधर, बेहोश हुए गोदाम स्वामी को प्राथमिक उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। पांच दमकल वाहन की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। अग्निकांड में लाखों के नुकसान की बात सामने आई है। ज्वालापुर क्षेत्र के हजारीबाग में धर्मवीर निवासी मोहल्ला तेलियान का कबाड़ का गोदाम है। दीपावली की देर शाम जलता हुआ रॉकेट गोदाम में जा गिरा। देखते ही देखते गोदाम में रखे गत्ते ने आग पकड़ ली। चंद मिनट में आग ने विकराल रूप ले लिया। गोदाम में लगी आग से पीछे रह रहे नाती राम कश्यप के घर में धुआं भर गया। धुंआ भर जाने से बुजुर्ग नाथीराम कश्यप, उनका बेटा रोहित कुमार, उसकी गर्भवती पत्नी तपस्या कश्यप, भाई कोमल कुमार घर के अंदर फंस गए। परिवार के सदस्यों ने चीखना-चिल्लाना शुरू कर दिया। आस पास के लोग एकत्र होने लग गए। घटना की सूचना दमकल महकमे को दी गई। सीएफओ अभिनव त्यागी, एफएसओ शिशुपाल सिंह नेगी की अगुवाई में टीम मौके पर पहुंची। टीम ने आग पर काबू पाने के साथ घर में फंसे सभी सदस्यों को सकुशल बाहर निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। दमकलकर्मियों ने पांच दमकल वाहन की मदद से आग पर काबू पाया। सूचना मिलने पर पहुंचा गोदाम स्वामी बेहोश गया, जिसे तुरंत ही जिला अस्पताल भेजा गया। अग्निकांड में गोदाम में रखा कबाड़ स्वाहा हो गया और घर के अंदर लगा एसी पूरी तरह से जल गया। यही नहीं फर्नीचर, सीसीटीवी कैमरे भी खराब हो गए। आग से खिडक़ी और दरवाजों के शीशे भी चटक गए। सीएफओ अभिनव त्यागी ने बताया कि परिवार के सभी सदस्य सुरक्षित निकाल लिए गए थे।

## 17 नवंबर को नहाय खाय के साथ से शुरू होगी छठ पूजा

हल्द्वानी। सूर्य देव व छठी मैया की उपासना का महापर्व छठ 17 नवंबर से शुरू हो रहा है। चार दिन चलने वाले पर्व की शुरुआत 17 नवंबर को नहाय खाय से होगी और 20 को उगते सूरज को अघ्र्य देने के साथ पर्व का समापन होगा। रामपुर रोड पर एसटीएच के पास स्थित छठ पूजा स्थल पर छठ पूजा सेवा समिति की एक बैठक हुई। अध्यक्ष कृष्णा साह ने बताया कि पूजा स्थल को सजा दिया गया है। छठ घाटों की साफ-सफाई लगभग पूरी कर ली गई है। रंग रोगन कर छठ घाटों को दुल्हन की तरह सजाने का काम जोरशोर से चल रहा है। स्नान व पीने के पानी के लिए कनेक्शन लग गया है। बिजली की आपूर्ति भी बहाल हो गई है। कार्तिक शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को नहाय खाय के साथ दिन में व्रत रखने वाली महिलाएं स्नान आदि कर नए वस्त्र पहनती हैं। पंचमी तिथि को खरना होता है। खरना के दिन व्रत रखकर रात में गुड़ व चावल से बनी खीर खाई जाती है।

## संक्षिप्त खबरें

### मानव सेवा के संवाहक थे डा. स्वामी राम: पद्मश्री भारत भूषण

ऋषिकेश। एचआईएचटी संस्थापक डॉ. स्वामी राम का 28 वां महासमाधि दिवस समारोह भव्यता के साथ मनाया गया। समारोह में डॉ. स्वामी राम को श्रद्धांजलि देकर याद किया गया। मुख्य अतिथि पद्मश्री स्वामी भारत भूषण (योगी) ने कहा कि एचआईएचटी संस्थापक डॉ. स्वामी राम विश्व की धरोहर हैं। स्वामी राम को मानव सेवा का संवाहक बताया। सोमवार को जौलीग्रांट स्थित एचआईएचटी परिसर में संस्थापक डॉ. स्वामी राम के 28 वें महासमाधि दिवस पर समारोह हुआ। कार्यक्रम में पहुंचे पद्मश्री स्वामी भारत भूषण (योगी) ने कहा कि प्रेम, सेवा और स्मरण की मूल भावना के उद्देश्य से डॉ. स्वामी राम ने साल 1989 में हिमालयन इंस्टिट्यूट हॉस्पिटल ट्रस्ट की स्थापना की। एचआईएचटी के अध्यक्षीय समिति के सदस्य व एसआरएचयू के कुलाधिपति डॉ. विजय धस्माना ने संस्थापक डॉ. स्वामी राम से जुड़े संस्मरणों को साझा किया। प्रति कुलपति डॉ. विजेंद्र चौहान ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### तटीय इलाकों में जलस्तर बढ़ते ही बजने लगेगा हूटर

ऋषिकेश। तीर्थनगरी के तटीय इलाकों में जलस्तर बढऩे पर चेतावनी हूटर बजने लगेगा। खतरे से पहले लोग सुरक्षित स्थानों तक पहुंच पाएंगे। बैराज मार्ग के तटीय इलाकों में बैराज प्रशासन की ओर से सौर ऊर्जा ध्वनि विस्तारक यंत्र लगा दिए गए हैं। बरसात के समय ऋषिकेश के गंगा तटीय क्षेत्र में बाढ़ का खतरा लगातार बना रहता है। जिसको लेकर क्षेत्रीय निवासी और जिला गंगा सुरक्षा समिति के नामित सदस्य विनोद जुगलान की ओर से कई बार शासन-प्रशासन को इस बारे में बताया गया। जल विद्युत विभाग ऋषिकेश बैराज की ओर से ग्राम सभा खदरी में गंगा तट के समीप ग्रामीणों को सचेत करने के लिए सौर ऊर्जा चालित चेतावनी स्तम्भ लगाया गया। यह उच्च तकनीकी क्षमता का ध्वनि विस्तारक यन्त्र है। जो रात के समय प्रकाश स्तम्भ के रूप में कार्य करेगा। साथ ही आकस्मिक रूप से अतिरिक्त जल छोडऩे पर हूटर बज उठेगा। इसकी आवाज को पांच किमी दूरी तक सुना जा सकता है।

### पटाखे फोडऩे पर दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष, कई लोग घायल

विकासनगर। सहसपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत फतेपुर हरबर्टपुर में पुरानी रंजिश को लेकर कुछ लोगों ने एक घर की खिड़कियों पर पटाखे फोड़े। पटाखों की आवाज से घर के अंदर सो रहे लोग दहशत में आ गए। जिसके बाद परिजन अपने परिचितों को बुलाकर घर से बाहर निकले। तभी दूसरे पक्ष के लोग भी लाठी-डंडे हाथ में लेकर मौके पहुंचे और दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले। जिसमें दोनों पक्षों के आधा दर्जन लोग घायल हो गए। यही नहीं पटाखों से पीड़ित पक्ष जब उप जिला चिकित्सालय विकासनगर उपचार कराने पहुंचे तो पटाखे फोडऩे वाले पक्ष के लोगों ने अस्पताल पहुंचकर उनकी पिटाई कर अस्पताल में तोडफ़ोड कर दी। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ धर्मावाला पुलिस चौकी में तहरीर दी है। रविवार को सहसपुर थाने के धर्मावाला चौकी क्षेत्र में फतेपुर गांव में एक पक्ष के लोग दीपावली मनाकर अपने बच्चों के साथ सो गये। तभी दूसरे पक्ष के कुछ युवा पुरानी रंजिश को लेकर परिवार की खिडक़ी पर पटाखे रखकर फोडऩे लगे। पटाखों की आवाज सुनकर घर में सो रहे लोगों की नींद ही नहीं टूटी बल्कि खिडक़ी पर हो रहे धमाकों से उनमें दहशत पैदा हो गई। पीड़ित परिवार ने अपने आसपास के पडोसिंयों, परिजनों व परिचितों को मौके पर बुला लिया। करीब सात आठ लोग परिवार के पक्ष में बाहर निकल गये। तभी पटाखे फोडऩे वाले सात-आठ लोग भी लाठी डंडों व लोहे की रोड़ लेकर मौके पर आ धमके। जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच पहले नोंकझोंक और बाद में जमकर लाठी-डंडे, लात-घूंसे चले। जिसमें दोनों पक्षों के आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गये। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची चीता पुलिस और लोगों ने किसी तरह से मामले को शांत कराया।

# शिक्षित समाज से ही देश की तरक्की और उन्नति संभवः मौलाना मशहुदुर्रहमान

## देहरादून जिले के ढकरानी गांव में आयोजित हुआ वार्षिक जलसा





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 14 नवंबर। देहरादून जिले के ढकरानी गांव स्थित मदरसा जामिया हुसैनिया सिराजुल उलूम तालीमी बेदारी के जलसे का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि इस्लामिक स्कॉलर मौलाना मशहुदुर्रहमान शाहीन जमाली चतुर्वेदी ने कहा कि शिक्षित समाज से ही देश की तरक्की और उन्नति संभव है।जलसे की अध्यक्षता मौलाना अब्बास ने की। मुख्यातिथि मौलाना मशहुदुर्रहमान ने कहा कि शिक्षा हासिल करना वक्त की सबसे बड़ी जरूरत है। हम सबको मिल जुलकर शिक्षित समाज बनाने की फिक्र करनी चाहिए। क्योंकि इससे देश की तरक्की उन्नति और विकास होगा। दुनिया में शिक्षा के प्रशासन कामयाबी की तरफ कदम बढ़ाना मुश्किल है इसलिए हमें अपने देश के बच्चों को उच्च शिक्षा दिलानी चाहिए। ताकि देश की तरक्की हो सके और और बेटियों को पढ़ाओ ताकि समाज शिक्षित हो सके। जब एक बेटा पढ़ता है तो अपने आप को शिक्षित बना सकता है लेकिन जब बेटी पढ़ती है तो कई पुश्तों को शिक्षित बनाने की सलाहियत रखती है। इसलिए आओ मिल जुलकर एक शिक्षित समाज बनाने की तरफ कदम बढ़ाएं। विशिष्ट अतिथि मौलाना इरशाद उकाब़ी ने खिताब करते हुए कहा कि हमें हमेशा नेक राह पर चलना चाहिए और अल्लाह और उसके रसूल की इबादत करनी चाहिए। गुनाहों से बचते हुए पुण्य कार्य करते रहना चाहिए।

ये रहे मौजूद - मदरसे के प्रधानाचार्य क़ारी अब्दुल कय्यूम, अति विशिष्ट अतिथि मौलाना आशिक़ इलाही, मौलाना मुजफ्फर हुसैन साहब, जनाब मौलाना अब्दुल कादिर साहब, जनाब अब्दुल अज़ीम साहब, अलीम वाजिद,मौलाना रेहान ग़नी, मौलाना मोहम्मद लुक़मान, मौलाना मोहम्मद जीशान, क़ारी शब्बीर,क़ारी अब्दुल रहमान, क़ारी मोहम्मद जावेद, मौलाना इम्तियाज जमाली, मुफ्ती अफीफुलल्लाह क़ासमी सहित बड़ी तादाद में लोग मौजूद रहे।

## प्रकृति के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का पर्व है अन्न कूट महोत्सव : स्वामी हरिबल्लभ दास शास्त्री

हरिद्वार। श्री स्वामीनारायण आश्रम भूपतवाला में स्वामी हरि बल्लभ दास शास्त्री महाराज के सानिध्य में सैकड़ों गुजरातियों ने भगवान श्री स्वामीनारायण की पूजा अर्चना के साथ नव वर्ष उत्साह व उमंग के साथ मनाया। इस अवसर पर स्वामी हरिबल्लभ दास शास्त्री महाराज ने कहा कि गुजरातियों का नववर्ष दीपावली से अगले दिन अन्नकूट पर्व से प्रारंभ होता है। उन्होंने कहा कि अन्नकूट का पर्व प्रकृति के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का पर्व है। उन्होंने अन्नकूट महोत्सव का महत्व बताते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने ग्वाल बालों के साथ गोवर्धन पर्वत की पूजाकर उन्हें प्रकृति पर्वत और नदियों का महत्व समझाया क्योंकि यह शरीर पंचतत्व से बना है जिसमें यह पांचो तत्व समाहित है इनकी रक्षा करना इनका संवर्धन करना प्रत्येक प्राणी का कर्तव्य है। अन्नकूट महोत्सव के अंतर्गत भगवान श्री स्वामीनारायण को 56 भोग अर्पित किए गए। इस अवसर पर गुजरातियों ने गायन, नृत्य, भजन आदि द्वारा श्री स्वामीनारायण भगवान की पूजा-अर्चना की। आश्रम के संचालक श्री आनंद स्वरुप शास्त्री के संयोजन में गुजरातियों ने जहां नव वर्ष मनाया वहीं आश्रम में भगवान श्री स्वामीनारायण, गंगा माता की पूजा अर्चना कर उन्हें 56 भोग अर्पित किये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर निगम में भाजपा पार्षद दल के उपनेता अनिरुद्ध भाटी ने कहा कि श्री स्वामीनारायण आश्रम भूपतवाला सेवा, सुमिरन और मानव सेवा का केंद्र है जहां पर श्री स्वामीनारायण संप्रदाय वड़ताल गादी की परंपराओं का संरक्षण और संवर्धन आश्रम के संस्थापक श्री स्वामी हरि बल्लभ दास शास्त्री महाराज के सानिध्य एवं निर्देशन में हो रहा है यहां पर संत सेवा, गौ सेवा एवं अतिथि सत्कार की जो परंपरा शुरू की गई है उसका सफल संचालन स्वामी आनंद स्वरुप शास्त्री कर रहे हैं। श्री स्वामीनारायण आश्रम भूपतवाला में इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य यजमान सूरत से आए श्री स्वामीनारायण एचवी विद्यालय सूरत के कोषाध्यक्ष चंदू भाई, दिनेश भाई, रमेश भाई, हेमंत भाई एवं उनके परिजनों ने भगवान श्री स्वामीनारायण की पूजा अर्चना कर संतजनों का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में श्रद्धालु भक्तों को आश्रम के संचालक स्वामी आनंद स्वरुप शास्त्री, जेन्द्र शास्त्री, गंगासागर स्वामी आदि ने आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में अरविंद भाई, एडवोकेट योगेश भगत, नीरज भाई आदि ने सहयोग प्रदान किया।

## जलते पटाखे से कबाड़ के गोदाम में लगी आग, परिवार फंसा

हरिद्वार। भेल सेक्टर दो से सटे हजारीबाग में जलता हुआ पटाखा गिरने से कबाड़ी के गोदाम में विकराल आग लगने से एक परिवार की जान पर बन आई। आनन-फानन में पहुंचे दमकलकर्मियों ने परिवार को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इधर, बेहोश हुए गोदाम स्वामी को प्राथमिक उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। पांच दमकल वाहन की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। अग्निकांड में लाखों के नुकसान की बात सामने आई है। ज्वालापुर क्षेत्र के हजारीबाग में धर्मवीर निवासी मोहल्ला तेलियान का कबाड़ का गोदाम है। दीपावली की देर शाम जलता हुआ रॉकेट गोदाम में जा गिरा। देखते ही देखते गोदाम में रखे गत्ते ने आग पकड़ ली। चंद मिनट में आग ने विकराल रूप ले लिया। गोदाम में लगी आग से पीछे रह रहे नाती राम कश्यप के घर में धुआं भर गया। धुंआ भर जाने से बुजुर्ग नाथीराम कश्यप, उनका बेटा रोहित कुमार, उसकी गर्भवती पत्नी तपस्या कश्यप, भाई कोमल कुमार घर के अंदर फंस गए। परिवार के सदस्यों ने चीखना-चिल्लाना शुरू कर दिया। आस पास के लोग एकत्र होने लग गए। घटना की सूचना दमकल महकमे को दी गई।

## ट्रक और बाइक की भिड़ंत, बाइक सवार की मौत

चमोली। सोमवार अपराह्न बदरीनाथ हाईवे पर एक ट्रक और बाइक की आमने सामने टक्कर हो गई। जिसमें घायल बाइक सवार को आपातकालीन सेवा 108 से अस्पताल ले जाया गया जहां घायल बाइक सवार की मौत हो गई। पुलिस चौकी प्रभारी मानवेंद्र गुसाईं ने बताया कि सोमवार अपराह्न को नगर के द्रोणागिरी के पास एक ट्रक और बाइक की भिड़त की सूचना मिली। गुसाईं ने बताया कि घटना में रूद्रप्रयाग जिले के ग्राम चमक, दुर्गाधार हाल निवासी संगम, लोनिवि रूद्रप्रयाग के 19 वर्षीय शुभम सेमवाल पुत्र राजेंद्र सेमवाल गंभीर घायल हो गया। जिससे जल्द अस्पताल पहुंचाया गया। उपचार के दौरान चिकित्सक ने शुभम को मृत घोषित कर दिया। गुसाईं ने बताया कि घटना को लेकर मृतक युवक के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

## जंगली जानवरों से खेती की सुरक्षा को घेरबाड़ करने की मांग

विकासनगर। कालसी ब्लॉक क्षेत्र के गांवों में इन दिनों जंगली जानवरों का आतंक फैला हुआ है। जंगली जानवर लोगों की फसलों को तहस नहस कर रहे हैं। जिससे किसानों की नगदी फसलें बर्बाद होने से किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसानों ने वन मंत्री को ज्ञापन प्रेषित कर खेती के चारों ओर घेरबाड़ कर किसानों की फसलों को बचाने के लिए मांग की है। इन दिनों किसानों की खेतों में विभिन्न नगदी फसलें तैयार हो रही है। ब्लॉक क्षेत्र के लखवाड़, धनपौ, चुन्हौ, जखनौग आदि गांवों में जंगली जानवर फसलों को बड़े पैमाने पर रौंदकर तहस नहस कर रहे हैं। जिससे किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। क्षेत्र के काश्तकार अजीत चौहान, जसपाल सिंह, शूरवीर सिंह तोमर, आनंद सिंह, कर्म सिंह, महिदर सिंह, संदीप तोमर, पुनीत चौहान, सतपाल, सुभाष, विजय पाल सिंह आदि ने वन मंत्री को भेजे ज्ञापन में बताया कि क्षेत्र में काश्तकारों की फसलों को जंगली जानवर नुकसान पहुंचाते हैं। रात के समय जंगली जानवर खेतों में घुसकर फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### संस्था का कार्यक्रम आज

कोटद्वार। साहित्यिक संस्था साहित्यांचल के संरक्षक डा. नंदकिशोर ढ़ौंडियाल को उनकी साहित्य रचना के लिए अखिल भारतीय कला, साहित्य संस्कृति अकादमी वर्धा महाराष्ट्र की ओर से स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय पुरस्कार 2023 से अलंकृत किया गया है। उनकी इस उपलब्धि पर संस्था की ओर से आज 14 नवंबर को कार्यक्रम आयोजित कर उनका अभिनंदन किया जायेगा। नजीबाबाद रोड़ स्थित एक बारातघर के सभागार में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में शिक्षाविद चंद्रपाल सिंह नेगी मुख्य अतिथि, अपर पुलिस अधीक्षक जया बलूनी अति विशिष्ट अतिथि और पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका पूरण सिंह रावत विशिष्ट अतिथि होंगे। यह जानकारी संस्था अध्यक्ष सी पी नैथानी ने दी।

### बीएड प्रशिक्षित युवा संघ ने जताया रोष

कोटद्वार। बीएड प्रशिक्षित युवा संघ ने अपनी चार सूत्रीय मांगों पर कार्रवाई न होने पर रोष व्यक्त किया है। संगठन कार्यालय में आयोजित बैठक में प्रवक्ता अरविंद दुदपुड़ी ने कहा कि संघ लंबे समय से अपनी न्यायोचित मांगों को उठाता आ रहा है, लेकिन प्रदेश सरकार की ओर से मांगों पर कोई कार्रवाई न किए जाने के कारण प्रशिक्षितों में रोष व्याप्त है। मौके पर प्रशिक्षितों ने बीआरसी व सीआरसी पदों पर स्नातकोत्तर में 55 प्रतिशत अंकों की बाध्यता को समाप्त करने, असिस्टेंट प्रोफेसरों की भर्ती लिखित परीक्षा से कराने, शासकीय विद्यालयों में नियुक्ति आयोग के माध्यम से कराने व नियुक्ति में यूपी की तरह अधिकतम आयु सीमा की बाध्यता को समाप्त करने व राजकीय इंटर कालेजों में प्रधानाचार्य की सीधी भर्ती में बीएड प्रशिक्षितों को भी मौका देने की मांग की।बैठक में डा. अजय खंतवाल, बबीता भारद्वाज, सुनील डोबरियाल, आशीष डोभाल, प्रदीप, संजना, साक्षी नेगी, नीलम नेगी और विजय कुमार सहित अन्य प्रशिक्षित बेरोजगार मौजूद रहे।

### खेल महोत्सव का समापन

कोटद्वार। नगर निगम के अंतर्गत देवी रोड स्थित श्री गुरू राम राय पब्लिक स्कूल में आयोजित खेल सप्ताह का समापन हो गया है। खेल सप्ताह में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य धीरेंद्र मोहन रतूड़ी ने बताया कि प्रतियोगिताओं में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। बताया कि अंतिम दिवस पर आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में तिलक हाउस विजेता और रमन हाउस उप विजेता रहा। वहीं सीनियर ब्वॉयज फुटबाल में सुभाष हाउस विजेता और तिलक हाउस उपविजेता रहा। अंत में विजेता टीमों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### कर्णप्रयाग में धूमधाम से मनाई दिवाली

चमोली। नगर के कस्बाई एवं ग्रामीण इलाकों में धूम धाम से दिवाली मनाई गई। स्थानीय मंदिरों में पूजा अर्चना और दीपक जलाने के बाद घरों में दीपक जलाए गए। साथ ही रंगोली बनाकर मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना की गई। इस दौरान कई गांवो में ढोल दमाऊं की थाप पर गीत गाकर भेलो का आयोजन किया गया।

# प्रदेश की सबसे बड़ी डकैती ने पुलिस की नाक कटवाई : सूर्यकांत धस्माना

## डीजीपी को तत्काल हटाये राज्य सरकार, अफसरों को करे दंडित : धस्माना

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 14 नवंबर , राज्य स्थापना की 23 वीं वर्षगांठ के अवसर पर देश के सर्वोच्च पद पर आसीन महामहिम राष्ट्रपति की उपस्थिति में व केन्द्रीय ग्रह मंत्री के आगमन से पूर्व जो डकैती की घटना उत्तराखंड की राजधानी के हृदय स्थल व डीजीपी मुख्यालय से चंद कदमों की दूरी में दिन दहाड़े घटित हुई उसने पूरे राज की कानून व्यवस्था पर कालिख पोथने का काम किया है और हैरान करने वाली बात यह है कि इस शर्मनाक घटना के लिए मुख्यमंत्री ने पांच दिनों के बाद भी अभी तक किसी की जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए कोई कार्यवाही नहीं कि है

एआईसीसी सदस्य व उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना नेइस मुद्दे पर राज्य सरकार पर जोरदार हमला करते हुए कहा कि यह घटना एक तरह से राष्ट्रपति की सुरक्षा में छेद की तरह देखा जाना चाहिए था क्योंकि जिस वक्त राष्ट्रपति देहरादून में राज्य स्थापना के जश्न में शिरकत कर रहीं थीं



उसी वक्त डकैतों ने इस घटना को शहर के हृदय स्थल में स्थित ज्वैलरी शो रूम में अंजाम दिया ।

कांग्रेस उपाध्यक्ष ने कहा कि डीजीपी मुख्यालय से चंद कदमों की दूरी पर यह डकैती पड़ी जबकि दावा किया जा रहा था कि शहर के चप्पे चप्पे पर पुलिस का कड़ा पहरा है और डकैतों ने डीजीपी की नाक के नीचे डकैती डाल कर डीजीपी के द्वारा आयोजित क्राइम लिटरेचर फेस्टिवल का धूम धाम से समापन कार्यक्रम कर दिया। कांग्रेस नेता ने कहा कि कायदे में मुख्यमंत्री को तत्काल डीजीपी को पद से हटा देना चाहिए और जिले के पुलिस अफसरों को भी दंडित करना चाहिए। धस्माना ने कहा कि उत्तराखंड राज्य निर्माण के बाद 23 वर्षों में इतनी बड़ी व दुस्साहसी आपराधिक घटना पहली बार घटी और कार्यवाही के मामले में भी उतनी ही बड़ी लापरवाह व उदासीनता पहली बार देखने को मिल रही है कि पांच दिन बाद भी मुख्यमंत्री जो स्वयं गृहमंत्री भी हैं उन्होंने किसी की जिम्मेदारी फिक्स नहीं की और कोई कार्यवाही दिखावे के लिए भी नहीं की । धस्माना ने कहा कि राज्य की ध्वस्त पड़ी कानून व्यवस्था को मुद्दा बना कर कांग्रेस अब मजबूरी में सड़कों पर उतरेगी।



# नई टिहरी में दिवाली पर लोगों ने खेला भैलो

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नई टिहरी। टिहरी जिले में दीपावली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लोगों ने घरों में पारंपरिक पहाड़ी व्यंजन बनाये, बच्चों ने जमकर आतिशबाजी की। लोगों ने एक दूसरे को खील बतासे, मिठाई और पकवान दिये। रविवार को टिहरी जिले में दीपावली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों ने पारंपरिक पहाड़ी व्यंजन उदड़ की दाल की पकोड़ी और स्वाले बनाये,और अपने पास पड़ोस के साथ नाते रिस्तदारों को उपहार स्वरुप मिठाई भेंट की। दीपावली पर्व पर लोगों ने अपने घरों के आंगन और खेतों में भैलो भी खेला। नई टिहरी, घनसाली, चमियाला, नरेन्द्रनगर, थत्यूड़, लंबगांव, चंबा, नैनबाग, देवप्रयाग सहित अन्य बड़े छोटे कस्बों में दीपवाली पर्व पर खूब चहल पहल रही, लोगों ने खूब खरीददारी की और एक दूसरे को दीपवाली की बधाई दी। ग्रामीण क्षेत्रों में दीपावली पर्व पर रात को भोजन के बाद ढोल वादकों ने ढोल दमाऊं बजाकर ग्राम देवता का आह्वान किया, देवता के पश्वा के साथ ग्रामीणों ने भी नृत्य किया। लोगों ने चीड़ के लकड़ी के छिलकों की गठरियों को रस्सियों पर बांधकर भेलों खेला। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों ने दीपवाली पर्व पर घरों की देहरियों पर रंगोली बनाने के साथ घरों को रंग बिरंगी लाइटों, दीये और मोमबत्ती जलाकर सजाया। साथ लक्ष्मी की पूजा अर्चना कर धन, अन्न और सुख समृद्धि की कामना की। बच्चों ने देर रात तक जमकर आतिशबाजी की। उधर नई टिहरी कोतवाली के थाना प्रभारी चंद्रभान सिंह अधिकारी ने बताया कि दीपवाली पर्व पर किसी तरह की आगजानी के साथ जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं मिली है। जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. अमित राय ने बताया कि अस्पताल में भी जलने और झुलसने से संबंधित किसी प्रकार का मामला नहीं आया है।

# देहलचौरी में प्रसिद्ध मंजीन कांडा मंजूघोष मेला आज से

श्रीनगर गढ़वाल । श्रीनगर से 13 किमी दूर देहलचौरी स्थित कांडा गांव में दो दिवसीय प्रसिद्ध मंजू घोषेश्वर मेला आज मंगलवार से लगेगा। दीपावली के अगले दिन लगने वाला मंजू घोषेश्वर मेला को लेकर मंदिर समिति ने तैयारियां पूर्ण कर ली है। श्रीनगर-देहलचौरी मोटर मार्ग पर कांडा स्थित मंजू घोषेश्वर महादेव मंदिर में प्रत्येक वर्ष दीपावली के अगले दिन प्रसिद्ध कांडा मेला लगता है। मेले को लेकर मंदिर समिति एवं प्रशासन द्वारा पूरी तैयारियां कर दी गई है। मेले को लेकर लोगों में काफी उत्साह बना हुआ है। दूर-दराज से पहुंचकर लोग यहां झंडे के रूप में निशान लेकर यहां पहुंचते है और सिद्धपीठ मंजुघोषेश्वर महादेव मंदिर में चढ़ाते है। मंजुघोषेश्वर महादेव मंदिर समिति के अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद भट्ट ने बताया कि मंदिर में लगने वाले दो दिवसीय कांडा मेले की तैयारियां पूरी कर दी गई है।

# श्रीनगर में दीयों की रोशनी से जगमग रहा घर-आंगन

श्रीनगर गढ़वाल । प्रकाश पर्व दीपावली रविवार को हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। लोगों ने विधि-विधान के साथ लक्ष्मी और गणेश की पूजा की। साथ ही अपने घरों, दुकानों व दफ्तरों को रंग बिरंगी झालरों, दीयों और मोमबत्ती से जगमग कर दिया। दीपावली पर्व पर पूरा शहर रोशनी से चमचमाता दिखा। इस दौरान चारों ओर हर्ष और उल्लास का माहौल रहा। घरों को विद्युत झालरों से सजाने के बाद लोगों ने घर के कोने-कोने में घी व तेल के दीये के साथ मोमबत्ती जलाई। इसके बाद सभी ने अपने परिवार के साथ लक्ष्मी, गणेश और धन कुबेर की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। शाम होते ही गांव से लेकर शहर प्रकाश की रोशनी से जगमग हो उठा। वहीं आतिशबाजी से आसपास के गांव व शहर गुलजार रहें। इस अवसर पर लोगों ने एक दूसरे के घर जाकर दीपोत्सव की बधाई दी। दीयों की रोशनी से घर-आंगन जगमग रहे। शहर में दीपावली का पर्व शांतिपूर्ण से मनाया गया।

# चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

हरिद्वार। सिडकुल थाना क्षेत्र में चाकू लेकर घूम रहे एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी मनोहर सिंह भंडारी ने बताया कि काला गेट के सामने गोल्डन होटल जाने वाले रास्ते से मूलाराम निवासी ग्राम चौबारा थाना बहादरा जिला हनुमनगढ राजस्थान हाल डैंसो चौक सिडकुल को चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया है।

## दीपावली की रात चोरी

पौड़ी। दीपावली की रात को चोरों ने कंडोलिया रोड के नजदीक लाइब्रेरी के पास नगरपालिका के पूर्व सभासद के घर में ताले तोड़ कर नगदी व अन्य घरेलू सामान पर हाथ साफ कर दिया। चोरों ने इस मोहल्ले में 4 दिनों के भीतर चोरी की दूसरी घटना को अंजाम दिया है। इससे पूर्व यहां पर चोरों ने यहां पर करीब दो महीने पहले एक वकील के घर में भी चोरी की वारदात को अंजाम दिया था जिसका पुलिस अभी तक खुलासा नहीं कर पाई है। इस मोहल्ले में लगातार हो रही चोरी से मोहल्लेवासियों में खौफ का माहौल बना हुआ है। मोहल्लेवासियों ने चोरी की घटनाओं का जल्द खुलासा करने की मांग उठाई है। कोतवाल गोविंद कुमार का कहना है कि मामले में जांच शुरू कर दी गई है। जल्द ही चोरी की घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

## हर्षोल्लास के साथ मनाई दिवाली

पौड़ी। दीपावली का त्योहार जिलेभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिले के दूरस्थ राठ क्षेत्र में पूरे पांरपरिक तरीके से दीपावली का त्योहार मनाया गया तो वहीं शहर में भी शहरवासियों ने दीपावली का त्योहार धूमधाम से मनाया। लोगो ने विधिवत पूजा अर्चना के बाद देर रात तक पटाखे फोड़कर दीपावली का पर्व मनाया। जिला अस्पताल के पास शहरवासियों ने पारंपरिक तरीके से भैलो खेलते हुए दीपावली का पर्व मनाया।

## घोड़ा संचालक की मौत

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ पैदल मार्ग पर पत्थर की चपेट में आने से एक घोड़ा संचालक की मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भिजवाया। बीते रविवार देर शाम को केदारनाथ पैदल मार्ग जंगल चटटी के पास अचानक पहाड़ी से एक पत्थर आया, जो पैदल मार्ग पर राह चल रहे एक घोड़ा संचालक के सिर लगा।

# संक्षिप्त खबरें

## 7.30 लाख की रुडक्री में स्मैक बरामद

रुडक्री। पुलिस ने एक आरोपी को 73.68 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। पुलिस उसके मददगारों को पकडने का प्रयास कर रही है। सोत बी चौकी प्रभारी नितिन बिष्ट के नेतृत्व में टीम ने चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान टीम को एक संदिग्ध गतिविधि व्यक्ति दिखाई दिया। पुलिस ने मनोज पुत्र अंगूर सिंह निवासी झिनझियाना ग्रैंट फतेहपुर टांडा थाना भगवानपुर की तलाश ली। इस दौरान उसके पास से 73.68 ग्राम स्मैक बरामद की गई। इसकी कीमत करीब 7.30 लाख के आसपास आंकी गई है।

## टैंकर से तेल चोरी करने की योजना बना रहा युवक गिरफ्तार

रुडक्री। सडक किनारे खड़े टैंकरों से तेल चोरी की योजना बना रहे एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसका साथी फरार हो गया। थाना प्रभारी रमेश तनवार ने बताया कि सूचना मिली की दो युवक सिकंदरपुर से गागलहेड़ी जाने वाले मार्ग पर रोड के किनारे खड़े वाहनों से तेल चोरी करने की योजना बना रहे हैं। पुलिस मौके पर पहुंची और एक युवक को तेल चोरी करने के उपकरण समेत गिरफ्तार कर लिया जबकि उसका साथी फरार हो गया।

## सरकारी जमीन से खनन करते तीन वाहन पकड़े

रुडक्री। एएसडीएम विजय नाथ शुक्ला ने जौरासी में सरकारी जमीन से खनन करते दो डंपरों और एक लोडर को पकड़ लिया। तीनों वाहनों को सीज कर दिया गया है। जबरदस्तपुर जौरासी के लोगों ने प्रशानिक अधिकारियों से शिकायत की थी कि सुंदरी के जंगल में ग्रामसमाज की भूमि पर बड़े पैमाने पर खनन किया जा रहा है। एएसडीएम विजयनाथ शुक्ला ने टीम के साथ मौके पर पहुंच कर सरकारी भूमि पर खनन करते एक लोडर और दो डंपर को पकड़ा। पकड़े गए वाहनों को सीज कर दिया गया है। कानूनगो आदेश कुमार का कहना है कि सरकारी भूमि से उठाई गई मिट्टी की पैमाइश के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## फर्जी कागजातों की मदद से बीस लाख रुपये में प्लॉट बेचा

रुडक्री। फर्जी कागजातों के सहारे एक व्यक्ति की जमीन बीस लाख रुपये में बेच दी गई। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर सात लोगों के खिलाफ षड्यंत्र रचने, धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। सिविल लाइंस कोतवाली को गांव फूलगढ़ पोस्ट सुल्तानपुर आदमपुर थाना पथरी निवासी सुनील कुमार ने तहरीर देकर बताया कि उसकी भगवानपुर के गांव रहीमपुर में जमीन है। आरोप लगाया कि मोहम्मद यूसुफ ने अपने साथियों के साथ मिलकर इस जमीन के फर्जी कागजात तैयार कराए। इन फर्जी कागजों का रजिस्ट्रेशन भी सरकारी कार्यालय में कराया था। इसके बाद मोहम्मद युसुफ ने फर्जी कागजात से बीस लाख में जमीन बेच दी।

## घर के ताले तोडक़र नगदी-जेवर चोरी किए

हरिद्वार। घर के ताले तोडक़र चोरों ने चांदी के जेवरात और नकदी उड़ा ली गई। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगालने में जुटी कनखल पुलिस ने जल्द घटना का खुलासा करने का दावा किया है। घटना क्षेत्र के राजागार्डन फेस दो की है। कालोनीवासी वीर सिंह निवासी छुट्टी पर अपने पैतृक निवास ऊधमसिंह नगर गए थे। शिकायत के अनुसार उनके घर के ताले चटकाकर अंदर घुसे चोरों ने अलमारियों के लॉक तोडकर 20 हजार की नगदी और करीब 10 हजार की कीमत के चांदी के जेवर चोरी कर लिए। घर लौटने पर उन्हें घटना का पता चल सका। सूचना मिलने पर कनखल पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिसकर्मी आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालने में जुटे हैं। प्रभारी निरीक्षक अमरचंद शर्मा ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है, जल्द ही पुलिस घटना का खुलासा कर देगी।

## मंडी से मोटरसाइकिल चोरी

हरिद्वार। ज्वालापुर क्षेत्र में कृषि उत्पादन मंडी समिति कैंपस में खड़ी मोटरसाइकिल चोरी कर ली गई। वाहन स्वामी आजम पुत्र नौशाद निवासी ग्राम एक्कड़ पथरी ने शिकायत दी कि 10 नवंबर को सब्जी मंडी आया था। इसी दौरान उसकी मोटरसाइकिल चोरी कर ली गई। एसएसआई संतोष सेमवाल ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी।


# उत्तराखंड : अल्मोड़ा के शुभम का 13वीं राष्ट्रीय सीनियर हॉकी प्रतियोगिता के लिए चयन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

अल्मोड़ा 14 नवंबर : अल्मोड़ा जिले के सरकार की आली खोल्टा निवासी शुभम कांडपाल का राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता में चयन हो गया है। शुभम कांडपाल अल्मोड़ा नगर के तल्ला खोल्टा, सरकार की आली निवासी है। शुभम वर्तमान में एसएसजे परिसर अल्मोड़ा में अध्ययनरत हैं।

शुभम की इस उपलब्धि पर संपूर्ण नगर में खुशी की लहर है। शुभम के चयन पर उनके पिता निर्मल कांडपाल और माता निर्मला कांडपाल ने खुशी व्यक्त की और अपना आशीर्वाद दिया। शुभम का इससे पहले भी कई नेशनल में सिलेक्शन हुआ है। शुभम ने 2021 में सब जूनियर नेशनल हॉकी में हिस्सा लिया था और हाल में ही नासिक 6 ए साइड ऑल इंडिया नेशनल हॉकी मैं हिस्सा लिया था। शुभम के माता पिता ने बताया कि उनमें बचपन से ही खेल के प्रति बहुत लगन है।





**खेल प्रेमियों ने खुशी जाहिर की :** इस मौके पर उनके कोच राजेंद्र सिंह कनवाल, किशोर बाफिला, संदीप सांगवान, अनिल तेजली, उत्तराखंड ओलंपिक एसोसिएशन के सचिव गोपाल खोलिया, लियाकत अली खान, बलवंत दानू, हरिदत्त जोशी, सौरभ कांडपाल, कैलाश कांडपाल, जगदीश जोशी, नवीन जोशी, कैलाश चंद्र जोशी, अंकुर, सोनू, सूरज, अंकित सिंह, अतुल मिश्रा, हितेंद्र, लक्ष्य, पारस, गुरपाल, गुरप्रीत, भानु, आशा, फरदीन आदि कई खेलप्रेमियों ने खुशी जाहिर की है।

## लकड़ी के मकान में लगी आग, ढाबा और दुकान जलकर राख

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

विकासनगर। त्यूणी-मोरी मोटर मार्ग पर गेट बाजार स्थित एक लकड़ी के मकान में रविवार शाम को अचानक आग लग गई। जिससे मकान पूरी तरह जलकर राख हो गया। मकान में दो महिलाओं की दुकान थी, जिनमें रखा सारा सामान जलकर स्वाहा हो गया। करीब दो लाख रुपये के सामान का नुकसान होना आंका गया है। मौके पर पहुंची त्यूणी थाना पुलिस, दमकल विभाग और राजस्व विभाग की टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया, जिससे त्यूणी बाजार में बड़ा हादसा होने से टल गया। रविवार को दीपावली होने के चलते बाजार के व्यापारी शाम को जल्द अपने घरों को चल दिए। गेट बाजार त्यूणी में बनवारी लाल, निवासी मन्योटि के कच्चे मकान में संगीता पत्नी सचिन की कपड़े और कॉस्मेटिक की दुकान और चंद्रा पत्नी ब्रह्मपाल का खाने का ढाबा था। शाम करीब सात बजे अचानक मकान में आग लग गई और मकान धू-धूकर जलने लगा।

इस दौरान दुकान में रखा गैस सिलेंडर फट गया। जिससे आग ने और विकराल रूप धारण कर दिया। स्थानीय लोगों की सूचना पर दमकल विभाग, थाना त्यूणी पुलिस व राजस्व विभाग की टीम करीब साढ़े सात बजे मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का काम शुरू कर दिया। ढाबे के अंदर चार गैस सिलेंडर रखे थे। जिनमें भी आग लग गयी। किसी तरह दमकल विभाग की टीम ने सिलेंडरों को दुकान से बाहर निकालकर फटने से बचा लिया। स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी ने पड़ोस में रहने वाले भागमल शर्मा के मकान की छत में लगी पानी की टंकी व पाइप लाइन तोडकर करीब 45 मिनट में आग पर काबू पा लिया। हालांकि तब तक दुकान और ढाबा पूरी तरह से जलने के कारण उनमें रखा सामान राख हो गया था। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। संभावना जताई जा रही है कि पटाखे की चिंगारी अथवा दुकान में जलाए गए दीये से मकान में आग लगी हो। मौके पर प्रभारी तहसीलदार जीडी जोशी, राजस्व उप निरीक्षक नाग चन्द, थाना पुलिस के एसआई मुकेश चौधरी, कांस्टेबल अरुण रावत, मंजीत, कमलेश, मनीष, सुभाष, जेई ऊर्जा निगम राज किशोर, सुरेन्द्र जोशी, जगत सिंह, भागमल, गुमान सिंह आदि ने आग बुझाने में सहयोग किया।

### सडक़ दुर्घटना में दो घायल

रुडक़ी। कलियर मार्ग पर वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। इसमें दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से दोनों युवकों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया। दोनों युवक अपना नाम, पता नहीं बता पाए। राहगीर शान अली ने बताया कि उनको दोनों युवक सडक़ पर चोटिल हालात में पड़े मिले थे। उनकी बाइक भी पास में ही पड़ी थी। शायद किसी अज्ञात वाहन से टकराकर यह घायल हुए हैं। दोनों युवकों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कलियर थाना पुलिस का कहना है कि युवकों के घायल होने की सूचना नहीं मिली है।

### लक्सर से लापता दोनों किशोरियां चंदौसी से बरामद

रुडक़ी। लक्सर के गांव से लापता दोनों किशोरियां पुलिस ने चंदौसी में ढूंढ निकाला। चार दिन पहले एक किशोरी अपने मां-बाप से नाराज होकर अपनी सहेली के साथ खुद ही घर से गई थी। पुलिस ने उन्हें परिजनो को सौंप दिया। लक्सर कोतवाली क्षेत्र के गांव में अड़ोस पड़ोस में रहने वाली 14 साल और 12 साल की दो किशोरियां चार दिन पहले घर से लापता हो गई थी। दोनों आपस में सहेली थी। दोनों के नाबालिग होने की वजह से पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज किया था। कोतवाल राजीव रौथाण के साथ एसआई दीपक चौधरी, महिला एसआई एकता ममगाई और सिपाही प्रकाश खनेड़ा की टीम जी जान से किशोरियों की तलाश में जुटी थी।

### रुडक़ी में सडक़ दुर्घटना में दो लोगों की मौत

रुडक़ी। शहर में एक दिन में दो सडक़ दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई बकि दो घायल भी हुए हैं। वहीं देरात नहर पटरी के पास से अज्ञात व्यक्ति का भी शव बरामद किया गया। दीपक पुत्र सुभाष और वीरेंद्र पुत्र प्रेमचंद निवासी बेलड़ा रविवार रात दुपहिया पर सवार होकर गांव जा रहे थे। इस बीच हरिद्वार की ओर से आ रही कार ने दुपहिया को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से माजरा पेट्रोल पंप के पास दीपक की मौत हो गई। पुलिस ने दीपक के शव को कब्जे में लिया जबकि विरेंद्र को घायल अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। दूसरी ओर रोडवेज बस अड्डे के पास के ढाबा मालिक और कारीगर रात के वक्त वाहन से जा रहे थे। इस बीच रुडक़ी टॉकीज के पास सडक़ दुर्घटना में अनिल (30) पुत्र रोशन सिंह गांव मजफ खेत टिहरी गढ़वाल की मौत हो गई जबकि राजेश नेगी पुत्र मोर सिंह नेगी निवासी चमियाला घनसाली टिहरी गढ़वाल और जीतू पुत्र सोमनाथ निवासी मिर्जापुर थाना फतेहपुर बाराबंकी घायल हो गया।

## मातम बदली दो परिवारों की खुशियां

ऋषिकेश। शहर में दीपावली की खुशियां दो परिवारों के लिए मातम में बदल गई। कोयलघाटी पर स्कूटरों के आपस में टकराने से एक युवक और युवती की मौत हो गई। जबकि, सवार चार लोग जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को एम्स में भर्ती कराया। शवों को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली पुलिस के मुताबिक हरिद्वार-ऋषिकेश नेशनल हाईवे स्थित कोयलघाटी तिराहे के पास यह हादसा हुआ। दुर्घटना में ऋतिक (18) पुत्र मुकेश निवासी कालेकीढाल, ऋषिकेश और आरती (20) पुत्री प्रकाश चंद निवासी आमपड़ाव, इंदिरानगर, कोटद्वार की दर्दनाक मौत हो गई। अंकित (19) और तरूण (14), दक्षक (15) सभी निवासी कालेकीढाल, ऋषिकेश, विशाल राजभर (21) निवासी चंद्रेश्वरनगर, ऋषिकेश जख्मी हो गए।

### सोमवती अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने लगाई गंगा में आस्था की डुबकी

ऋषिकेश। तीर्थनगरी में सोमवती अमावस्या पर्व पर श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया। ऋषिकेश के तमाम गंगा घाटों में सुबह से दोपहर तक श्रद्धालु उमड़े। देव डोलियों ने भी गंगा घाटों में पहुंचकर स्नान किया। ऋषिकेश के तमाम गंगा घाटों पर सोमवार सुबह चार बजे से ही श्रद्धालु जुटने लगे। त्रिवेणीघाट, नाव घाट, साईं घाट, दयानंद घाट, शत्रुघनघाट, सीता घाट, रामझूला घाट आदि जगहों पर श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए पहुंचे। सुबह से दोपहर तक स्नान करने वालों की भीड़ लगी रही। सोमवती अमावस्या पर भद्रकाली सहित कई देव डोलियों ने ऋषिकेश के गंगा घाटों पर पहुंचकर स्नान किया। भक्तों ने देव डोलियों से आशीर्वाद लिया। डोलियों को स्नान कराने के बाद गंगा तट पर मंडाण और देव स्तुति गाई गई।

### पांच सौ रुपये प्रति कुंतल हो गन्ना का भाव

रुडक़ी। भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के जिला प्रवक्ता चौधरी राकेश लौहान को इस वर्ष गन्ना मूल्य निर्धारण राज्य परामर्श समिति का सदस्य नामित किया गया है। इस समिति की बैठक 20 तारीख को देहरादून में आयोजित होने जा रही है। राकेश लौहान ने बताया कि इस बैठक में पांच सौ रुपये प्रति कुंतल गन्ना का भाव किया जाए की मांग को प्रमुखता से रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष ज्यादा बरसात होने के कारण गन्ना की पैदावर 50 प्रतिशत कम हुई है।

## संक्षिप्त खबरें

### बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में अब होगा विकास

रुडक़ी। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुडक़ी विकास फाउंडेशन (आईआईटीआरडीएफ) और सिस्ट्रा एमवीए कंसल्टिंग ने सतत बुनियादी ढांचे के विकास के क्षेत्र में सहयोगी पहल की घोषणा की है। सीएसआर परियोजना के तहत यह साझेदारी अल्ट्रा हाई-परफॉर्मेंस कंक्रीट की विशेषताओं को उजागर करने को तैयार है। इस सहयोग का उद्देश्य निर्माण उद्योग के टिकाऊ व लचीले बुनियादी ढांचे के दृष्टिकोण में एक आदर्श बदलाव लाना है। आईआईटी में आयोजित समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक प्रो. केके पंत, सिस्ट्रा इंडिया के सीईओ हरि सोमलराजू, सिस्ट्रा इंडिया के सीटीओ डॉ. निशिथ गुप्ता, आईआईटीआरडीएफ के निदेशक मंडल और संकाय संकायों के प्रमुख लोग शामिल रहे।

### चोरी करते रंगे हाथ ग्रामीणों ने युवक को दबोचा

रुडक़ी। घर में घुसकर चोरी का प्रयास कर रहे युवक को ग्रामीणों ने दबोच लिया। उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस के अनुसार दीपावली के दिन किशनपुर गांव में एक युवक घर में घुसकर मोबाइल व ई रिक्शा चोरी कर रहा था। उसे ग्रामीणों ने दबोच लिया। इसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस को ग्रामीणों ने आरोपी युवक को सुपुर्द कर दिया। किशनपुर जमालपुर गांव निवासी मेहरबान ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। आरोपी युवक की पहचान शाजिद निवासी पुहाना के रूप में हुई। थाना प्रभारी रमेश तनवार ने बताया कि चोरी के सामान के साथ पकड़े गए युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### राज्यपाल ने प्रदेशवासियों को, विशेष रूप से बच्चों को ₹बाल दिवस ₹की बधाई दी

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने प्रदेशवासियों को, विशेष रूप से बच्चों को ₹बाल दिवस ₹की बधाई दी है। उन्होंने भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। बाल दिवस पर अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि प्रत्येक बच्चे को शिक्षा और स्वास्थ्य का बुनियादी अधिकार देकर ही हम एक स्वस्थ और खुशहाल समाज की नींव रख सकते हैं। विशेष रूप से वंचित वर्गों के बच्चों के कल्याण के लिए सभी को आगे आना होगा। राज्यपाल ने अपेक्षा की है कि देश का हर बच्चा शिक्षित हो, उसका भविष्य उज्ज्वल और समृद्ध हो। उन्होंने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### जल्द गन्ना मूल्य घोषित करे सरकार

ऋषिकेश। डोईवाला चीनी मिल में गन्ने का नया पेराई सत्र जल्द ही शुरू होने वाला है। लेकिन अब तक गन्ना मूल्य घोषित नहीं किए जाने पर किसानों ने नाराजगी जताई है। डोईवाला के किसानों ने गन्ना एवं चीनी उद्योग मंत्री सौरभ बहुगुणा से मुलाकात कर मूल्य घोषित करने की गुहार लगाई। सोमवार को अखिल भारतीय किसान सभा उत्तराखंड के एक प्रतिनिधिमंडल ने देहरादून में गन्ना एवं चीनी उद्योग मंत्री सौरभ बहुगुणा से मुलाकात की। किसानों ने कहा कि गन्ने का आगामी पेराई सत्र शुरू होने जा रहा है। बावजूद राज्य सरकार की ओर से अभी तक गन्ने का न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित नहीं किया गया है। किसान किस रेट पर मिल को गन्ना देंगे यह स्पष्ट होना चाहिए। गन्ने का रेट स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के अनुरूप दिए जाने की मांग की।

### बाप और दो बेटों पर दलित उत्पीडऩ का केस दर्ज

रुडक़ी। कान्हावाली के युवक ने छह लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया। इसे नाराज आरोपियों ने युवक के दोस्त को फोन पर धमकाकर जातिसूचक शब्द कहे। पीड़ित ने फोन करने वाले आरोपी और उसके दो बेटों के खिलाफ खानपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। लक्सर के कान्हावाली गांव का राजेश पुत्र मोहर सिंह गत दिवस लक्सर आया था। यहां तहसील मुख्यालय के पास खानपुर थाने के गिद्धावाली निवासी कुछ लोगों ने उसके साथ मारपीट की थी। राजेश ने लक्सर कोतवाली में गिद्धावाली निवासी दिनेश, उसके बेटे विशाल और दीपक सहित छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। आरोपियों को संदेह था कि गिद्धावाली के ही बाबूराम ने मुकदमा दर्ज कराने में मदद की है। आरोप है कि इससे नाराज होकर दिनेश ने दरगाहपुर में बाबूराम के दोस्त अंकित को फोन किया। फोन पर दिनेश और उसके दोनो बेटों ने बाबूराम के बारे में जातिसूचक शब्द कहते हुए उसकी हत्या करने की धमकी दी।

## दीपोत्सव देता है पवित्रता का संदेश : पण्ड्या

हरिद्वार। गायत्री तीर्थ शांतिकुंज एवं देवसंस्कृति विश्वविद्यालय में उत्साहपूर्वक दीपावली मनाई गयी। दीपोत्सव के अवसर पर शांतिकुंज की बहिनों ने गायत्री तीर्थ व देसंविवि परिसर को आकर्षक रंगोलियों से सजाया।

पर्व के मुख्य कार्यक्रम में गायत्री परिवार के प्रमुख डॉ. प्रणव पण्ड्या एवं शैल दीदी ने वैदिक कर्मकांड के साथ बही खाते का पूजन किया। गायत्री परिवार प्रमुख डॉ. पण्ड्या ने कहा कि दीपोत्सव घरों, कार्यालयों, दुकानों, कारखानों आदि को प्रकाशित और पवित्र बनाये रखने का संदेश देता हैं। उन्होंने कहा कि हम अपने आप को इतना पवित्र व स्वच्छ बनायें, जिससे मां लक्ष्मी हमें स्वीकार करें और अपनी कृपा से आच्छादित करें। संस्था की अधिष्ठात्री शैलदीदी ने कहा कि दीपावली के अवसर पर प्रज्ज्वलित होने वाला दीपक हम सभी को प्रकाशित होने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि उसी मनुष्य का जीवन धन्य है, जिनके जीवन में गतिशीलता है, मानसिक स्वच्छता है, ईष्र्या, द्वेष से परे है। दीपोत्सव का वैदिक कर्मकाण्ड संस्कार प्रकोष्ठ के आचार्यों ने सम्पन्न कराया।


# कोसी नदी में गिरा वाहन, एक की मौत, पांच घायल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हल्द्वानी। गरमपानी- भवाली अल्मोड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग के जौरासी के पास आज सुबह हलद्वानी से डीडीहाट जा रही एक ईकोमेट कार में चालक को नींद की झपकी आने के चलते अचानक कोसी नदी में जा गिरी, जिसमे सवार 6 लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। सुबह का समय होने तथा सुनसान रास्ता होने के चलते लोगो को घटना की सूचना नही मिल पाई तथा वाहन में सवार एक घायल द्वारा कड़ी मस्कत के बाद सडक़ में पहुँच कर एक बस को रोक कर घटना की जानकारी दी गयी। जिसके बाद बस चालक द्वारा इसकी सूचना खैरना चौकी को दी गई, जिसके बाद खैरना चौकी इंचार्ज दिलीप कुमार तथा प्रयाग जोशी द्वारा अपनी टीम तथा एस डी आर एफ के साथ मौके पर पहुँच गए तथा सभी घायलों का रेस्क्यू कर मुख्य मार्ग में लाया गया। जिसके बाद सभी घायलों को चालक हरीश कुमार पुत्र जोगाराम उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम मानीपुर पोस्ट राईआगर थाना बेरीनाग जिला पिथौरागढ़, सूरज सिंह पुत्र पान सिंह उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम कांडे किरोली थाना बेरीनाग जिला पिथौरागढ़, जितेंद्र डसीला पुत्र राम सिंह डसीला निवासी उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम सुकलाड़ी थाना बेरीनाग जिला पिथौरागढ़, संतोष कुमार मेहर पुत्र मेहर कुमार मेहर उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम धौला बलिया थाना बेरीनाग जिला पिथौरागढ़, हरीश कुमार पुत्र तारा राम उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम बेलकोट थाना बेरीनाग जिला पिथौरागढ़ तथा छतर सिंह खड़ायत पुत्र डिगर सिंह खड़ायत उम्र 31 निवासी ग्राम डीडीहाट थाना डीडीहाट जिला पिथौरागढ़ को निजी वाहन द्वारा समुदियाक स्वस्थ केंद्र गरमपानी पहुँचाया गया। जिसमें डॉ द्वारा छतर सिंह खड़ायत को मृत घोषित कर दिया गया। तथा सभी घायलों का प्रथामिक उपचार किया गया। जिसमें चालक हरीश कुमार तथा सूरज सिंह को चोट गम्भीर जान कर हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। जिसमें चालक हरीश कुमार की स्थिति नाजुक बनी हुवी है।

जानकारी के अनुसार छतर सिंह दिनेशपुर रुद्रपुर में अपने मकान का कार्य करवा कर घर जा रहा था जिसमे देर रात हलद्वानी से घर को निकले थे जिसमें रास्ते मे आते समय हादसे में जान चले गए। वही वहान में सवार घायलों ने बताया कि सुनसान रास्ता होने तथा सुबह वाहनों की आवाजाही ना होने के चलते किसी को घटना की सूचना नहीं मिल पाई, तथा बस को रोकने के बाद किसी भी व्यक्ति द्वारा कोई मदद नही की जा सकी जिससे छतर सिंह की जान चली गयी। वही छतर सिंह का अपने पीछे पत्नी तथा एक 6 साल के बच्चे को रोता बिलखता छोड़ गए।

## संपादकीय



# प्रदूषण के समाधान भी हैं

दीपावली के अगले दिन ही राजधानी दिल्ली और आसपास के कई इलाकों की हवा फिर 'जहरीली' हो गई। कुछ बूंदाबांदी के बाद जो राहत मिली थी, उसे त्योहार की एक रात ने ही स्वाहा कर दिया। दीपावली पर्व, आस्था और मानवीय भावनाओं के कुतर्क देते हुए आधी रात तक खूब पटाखे, बम, आतिशबाजियां जलाए और फोड़े गए। किसी को भी प्रदूषण की चिंता नहीं थी और न ही उसके जानलेवा प्रभावों के प्रति कोई सरोकार है। विषैला परिणाम सामने है कि वायु गुणवत्ता सूचकांक 300 को पार कर गया है। यह 'बहुत खराब' श्रेणी का प्रदूषण है, लिहाजा सेहत के लिए गंभीर भी है। वैसे तो यह सूचकांक बीते सप्ताह 400 से अधिक रहा। अब यह सिर्फ पराली जलाने का ही प्रदूषण नहीं है। राजधानी दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में लाखों वाहन नियमित रूप से सडक़ों पर चलते हैं। निर्माण-कार्य साल भर जारी रहते हैं और उनकी धूल बेहद खतरनाक साबित होती रही है। हालांकि अभी दिल्ली सरकार ने निर्माण-कार्यों पर रोक लगा रखी है। हर गली-मुहल्ले में कचरा जलाया जाता है, लिहाजा उसका धुआं भी जहरीला प्रदूषण पैदा करता है। प्रदूषण में पराली जलाने की करीब 38 फीसदी हिस्सेदारी है। इस साल 15 सितंबर से 10 नवम्बर तक पंजाब में पराली जलाने की कुल 23,620 घटनाएं दर्ज की गईं और हरियाणा में यह आंकड़ा 1676 दर्ज किया गया। दोनों ही राज्यों में बीते 3 सालों की तुलना में पराली जलाने की घटनाएं कम हुई हैं। उसके बावजूद प्रदूषण बढ़ता रहा है। दरअसल हम अपनी आस्थाओं और त्योहारों पर सवालिया नहीं होते। किस आस्था में विषैले, विस्फोटक पटाखे फोडऩे की नसीहत दी गई है? कौन-सी आस्था और पर्व मानवीय सेहत के विरोधी रहे हैं? क्या आप जानते हैं कि प्रदूषण से करीब 16.7 लाख मौतें हर साल होती हैं? हर दिन औसतन 4639 मौतें और हर महीने 1.39 लाख मौतें! क्या ये सामान्य आंकड़े हैं? सर्वोच्च अदालत यूं ही फटकार लगाती रहेगी या चेतावनियां जारी करती रहेगी। ऐसे भी कथन सामने आते रहेंगे कि हम आम नागरिक को यूं ही मरते नहीं देख सकते। राजनीतिक दलों, उनके नेताओं और सरकारों पर अदालत की नाराजगी का कोई असर नहीं पड़ता, क्योंकि वे ऐसी ही मिट्टी के बने हैं। अदालतें संबद्ध मंत्री अथवा मुख्यमंत्री को 'प्रतीकात्मक जेल' की सजा सुनाएं, तो उनकी आंखें खुल सकती हैं। प्रदूषण के कारण सरकारें स्कूल, दफ्तर, उद्योग आदि बंद करने के आदेश देती रहती हैं। क्या ये कोई समाधान हैं? प्रसंगवश उल्लेख जरूरी है कि ब्रिटेन के लंदन और चीन के बीजिंग शहरों में प्रदूषण एक गंभीर समस्या थी, लेकिन उन्होंने दीर्घकालीन नीतियां बनाईं, ईमानदारी से प्रयास किए, नतीजतन आज वहां का वायु गुणवत्ता सूचकांक औसतन 25-30 रहता है। भारत में ही बेंगलुरू का वायु सूचकांक औसतन 35-40 रहता है। राजधानी दिल्ली के इलाकों में ऐसा क्यों नहीं किया जा सकता? नीति आयोग के सदस्य रमेश चंद ने एक साक्षात्कार के दौरान समाधान सुझाया था कि पराली और फसल के शेष अवशेषों का एक बाजार पैदा किया जा सकता है। फसलों की मशीन से कटाई के बाद खेतों में जो चारा या ठूंठ बचता है अथवा पराली रह जाती है, उसके लिए कुछ बाजार है और आगे भी उसका विधिवत विस्तार किया जा सकता है।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**

**संपादक :** मौ.सलीम सैफी, **कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002, **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094

**Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com

**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus

**न्याय क्षेत्राधिकार :** जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## स्नातक प्रथम सेमेस्टर बैक के फॉर्म भरने शुरू

अल्मोड़ा। एसएसजे विश्वविद्यालय में नई शिक्षा नीति के तहत अध्ययनरत बीएससी बीकॉम और बीए प्रथम सेमेस्टर की कक्षाओं के बैक परीक्षा फॉर्म भरने शुरू हो गए हैं। जिन जिन छात्रों की प्रथम सेमेस्टर में बैक आई है। वह विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। बैक वाले छात्रों की परीक्षा 20 नवंबर से होनी है। विवि के परीक्षा नियंत्रक प्रो मुकेश सामंत ने बताया कि आवेदन शुरू हो गए हैं। अंतिम तिथि 15 नवंबर है। सभी परीक्षार्थी जल्द से जल्द अपना आवेदन फॉर्म भर लें।

## चिकित्सकों अवकाश पर जाने से मरीज परेशान

अल्मोड़ा। दिवाली के बाद दूसरे दिन सोमवार को अस्पताल खुले, लेकिन इस दौरान अधिकांश चिकित्सक अवकाश पर रहे। चिकित्सकों के अवकाश पर होने से मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। खासकर विशेषज्ञ चिकित्सक नहीं मिलने से मरीजों की परेशानी बढ़ गई। दूसरे दिन अवकाश के चलते जिला मुख्यालय के अस्पतालों में ओपीडी भी आधा दिन रही। दरअसल, दिवाली पर जिला अस्पताल और बेस में अधिकतर चिकित्सक अवकाश पर चले गये हैं। सोमवार को मेडिकल कॉलेज बेस अस्पताल में भी करीब 30 फीसदी से अधिक चिकित्सक और जिला अस्पताल में विशेषज्ञ समेत कई चिकित्सक छुट्टी पर रहे। इस दौरान अस्पताल में उपचार को पहुंचे मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मजबूरन उन्हें निजी अस्पतालों की दौड़ लगानी पड़ी। जिला अस्पताल में सोमवार को एक हड्डी रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ, डेंटल, नेत्र सर्जन समेत कई चिकित्सक अवकाश पर रहे। हालांकि सोमवार को जिला और बेस अस्पताल में आधे दिन ओपीडी रही।

## महिला हत्याकांड में अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस

हरिद्वार। पांच दिन पूर्व चंडी देवी मंदिर पैदल मार्ग से सटे जंगल में हुई महिला की हत्या के मामले में श्यामपुर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला की गला दबाकर हत्या की बात सामने आई है। इधर, मृतका की शिनाख्त न होने पर पुलिस का सिरदर्द बढ़ गया है। गुरुवार को चंडीदेवी रोपवे मार्ग से कुछ दूरी पहले पैदल मार्ग से सटे जंगल में एक महिला का शव बरामद हुआ था। पुलिसिया पड़ताल में साफ हुआ था कि संभवतः गला दबाकर महिला की हत्या की गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### कॉर्बेट में बाघ ने श्रमिक को मौत के घाट उतार

हल्द्वानी। कॉर्बेट नेशनल पार्क क्षेत्र में जंगल के अंदर झाड़ी कटान का कार्य कर रहे एक कॉर्बेट श्रमिक पर बाघ ने हमला बोलते हुए उसे मौत के घाट उतार दिया। ढिकाला जोन पर्यटकों के भ्रमण के लिए खोला जा रहा है, जिसको लेकर पार्क प्रशासन के अधिकारी तैयारी में जुटे हुए हैं,इसी के क्रम में मूल रूप से नेपाल के रहने वाले 22 वर्षीय शिवा नाम का युवक अपने परिजनों के साथ ही 10 सदस्यों के साथ विभाग के कर्मचारियों की मौजूदगी में ढिकाला क्षेत्र के मचान संख्या एक में झाड़ी कटान कार्य कर रहा था। इसी बीच अचानक बाघ ने शिवा पर हमला बोल दिया। शिवा की चीख पुकार सुनकर साथ में मौजूद परिजन व विभागीय कर्मचारी उसे बचाने के लिए मौके पर दौड़े। शोर मचाया लेकिन बाघ ने शिवा को अपने जबड़े में ही दवाए रखा। इसके बाद मौके पर मौजूद कर्मचारियों द्वारा बाघ को भगाने के लिए दो से तीन राउंड हवाई फायर किए गए। उसके बाद लहू लूहान हालत में शिवा के परिजन व विभागीय कर्मचारी उसे उपचार के लिए रामनगर सरकारी अस्पताल लाए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पार्क डायरेक्टर धीरज पांडेय ने बताया कि घटना स्थल पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। मृतक कई दिनों से झाड़ी काटने का काम करता था।

### पुरानी पेंशन के लिए भी जलाया एक दिया

हल्द्वानी। कर्मचारी शिक्षकों ने दीपावली का त्यौहार हर्षोल्लास से मनाने के साथ साथ पुरानी पेंशन आंदोलन के पक्ष में भी अभियान चलाया। इस क्रम में कार्मिकों द्वारा एक दिया पुरानी पेंशन के लिए भी जलाया गया।पंचवटी कालोनी,भवानीगंज में कर्मचारी शिक्षकों ने अपने अपने घरों में एक दिया जलाने के साथ साथ सामूहिकता के साथ दिया जलाते हुए मोहल्ले में पुरानी पेंशन के फायदे से लोगों को अवगत कराया।कर्मचारी शिक्षक संगठन के प्रांतीय उपाध्यक्ष नवेंदु मठपाल ने कहा पुरानी पेंशन बुढ़ापे की सामाजिक,आर्थिक सुरक्षा है।उन्होंने कहा वर्ष 2004 में बाजपेयी सरकार के समय प्रारंभ की गई नई पेंशन स्कीम किसी भी कर्मचारी शिक्षक के हित में नही है। सरकार ने जिस प्रकार कार्मिकों की जीपीएफ का हजारों करोड़ रुपया शेयर मार्केट में लगा दिया है। इससे स्थिति और भी बदतर हो गयी है।बैंक कर्मचारी संगठन के नेता हर्ष तिवारी ने कहा मोदी सरकार जिस प्रकार निजीकरण की नीतियों को तेज करते बैंक,रेलवे सबका निजीकरण करने पर तुली है यह देश के लिए खतरनाक ही।सरकारी पदों जो समाप्त कर रोजगार के अवसरों को समाप्त किया जा रहा है। रेंजर एसोशियशन के राकेश रत्नाकर ने सभी से एकजुट होने की अपील की। उन्होंने कहा हमारी एकजुटता ही सरकार को पुरानी पेंशन देने को मजबूर कर सकती है।फॉरेस्ट एसोशियेशन के मयंक सुयाल ने कहा नई पेंशन स्कीम में कार्मिक के रिटायरमेंट के बाद मिलने वाली समस्त धनराशि आयकर से भी मुक्त नहीं है अर्थात 40 फीसदी धनराशि कार्मिक को मिलेगी ही नहीं । राजकीय शिक्षक संघ के आंदोलन के प्रति भी समर्थन व्यक्त किया गया।राज्य की धामी सरकार द्वारा 2005 की विज्ञप्ति के आधार पर पुरानी पेंशन दिए जाने का स्वागत करते हुए सभी कार्मिकों को पुरानी पेंशन दिए जाने की मांग की गई।इस मौके पर नवेंदु मठपाल,राकेश रत्नाकर,हर्ष तिवारी,मयंक सुयाल,अमित अग्रवाल,बालकृष्ण चंद,नंदराम आर्य,सुभाष गोला मौजूद रहे।

### रोजगार सेवक मनरेगा ने लगाया जांच के नाम पर उत्पीडऩ का आरोप

बागेश्वर। ब्लॉक के मनरेगा की रोजगार सेवक ने जांच के नाम पर कुछ लोगों पर उत्पीडऩ का आरोप लगाया है। उन्होंने मामले में निष्पक्ष जांच करने तथा जांच नहीं किए जाने पर आमरण अनशन की चेतावनी दी है। इस आशय का एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा है। रोजगार सेवक माया कुमल्टा ने जिलाधिकारी को भेजे ज्ञापन में कहा है कि वह 2013 से शामा क्षेत्र में कार्य कर रही है। यहां सभी योजनाओं के निर्माण कार्य को खुद जाकर देखती हूं। गत वर्ष 23 सितंबर को ब्लॉक में मनारेगा कार्य में पारदर्शिता लाए जाने को लेकर एक शिकायती पत्र आया। इसके बाद पूरे विकास खंड में कहीं जांच नहीं हुई सिर्फ शामा न्यायत पंचायत की जांच हुई। अधिकारियों के जांच न होकर सिर्फ मेरी जांच हुई। इसमें भी 90 प्रतिशत ग्राम ग्राम प्रधानों ने जांच को निराधार बताया। उन्होंने अपना पक्ष रखने के लिए भी ब्लॉक पत्र लिखा, लेकिन किसी ने भी उनकी नहीं सुनीं। उन्होंने कहा कि जांच के नाम पर उनका मानसिक उत्पीडऩ किया जा रहा है। जिलाधिकारी से मामले की जांच करने की मांग की है। जांच नहीं होने पर 16 नवंबर से तहसील मुख्यालय में धरना देने तथा आमरण अनशन की चेतावनी दी है।

### मां वाराही धाम दीपावली पर्व में जले इक्यावन हजार दीये

चम्पावत। मां वाराही धाम देवीधुरा में पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिवाली पर्व में रविवार रात को 51000 हजार दीपक जलायें गये। पिछले कुछ सालों से मां वाराही मंदिर कमेटी और दीपोत्सव कमेटी के सहयोग से युवाओं के द्वारा दीपदान कार्यक्रम के तहत खोलीखाड मैदान, मुख्य मंदिर सहित मंदिर परिसर में दिये जलायें जा रहे हैं। दीपावली और 23 नवम्बर से पांच दिवसीय दीपोत्सव कार्यक्रम के तहत क्षेत्र की बालिकाओं द्वारा मंदिर को ऐपण और रंगोली के सजाया जा रहा है। रविवार को दीपदान कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख सुमन लता, मां वाराही धाम अध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट,दीपोत्सव समिति अध्यक्ष प्रवीण जोशी ,ग्राम प्रधान ईश्वर बिष्ट,व्यापार संघ उपाध्यक्ष चन्दन सिंह बिष्ट,कीर्ति बल्लभ जोशी, नरेन्द्र सिंह बिष्ट,विक्रम सिंह,विपिन जोशी, विजय बहुगुणा,राजू बिष्ट, अमित लमगडिया, उत्तम सिंह राणा,मुस्कान बिष्ट, विपिन जोशी ,विजय कुमार आदि ने सहयोग किया।

### दीपावली के बाद बाजार में पसरा सन्नाटा

चम्पावत। दीपावली के बाद सोमवार को अधिकांश दुकाने बंद रही। बाजार में भी सन्नाटा पसरा रहा। बैंक और सरकारी कार्यालय भी बंद रहे। ग्रामीण क्षेत्र से चलने वाले टैक्सी वाहन भी नहीं चले। मैदान की ओर जाने वाली यात्रियों को टैक्सी के लिए घंटो इंतजार करना पड़ा।

### दिवाली की रात गोशाला में लगी भीषण आग

रुद्रपुर। एक तरफ लोग दिवाली की खुशियां मना रहे थे दूसरी ओर सितारगंज रोड पर थारू विकास भवन के पास एक घर से लगी गौशाला में आग लग गई। आग इतनी भीषण थी की चंद समय में आग गौशाला में रखे भूसे ने पकड़ ली , घर में महिला पूनम सक्सेना के अकेले होने के अफरा तफरी मच गई। किसी तरह से महिला ने अपनी बेटी को घर से बाहर समय रहते निकाला। टेक्निकल कारण के चलते फायर विभाग को सूचना नही दी जा सकी। राहगीरों ने जब घर में से उठता हुआ धूवा देखा तो राहगीरों ने कोतवाली में पहुँच कर फायर विभाग को सूचना दी। जिस पर फायर की टीम ने तत्काल वाहन को आग बुझाने के भेजा,आग इतनी भीषण थी की दूसरी गाड़ी भी मंगानी पड़ी। फायर की विभाग की तत्परता से गोशाला से लगे मकान में आग लगने से बच गई। आग बुझाने में महिला के पिता धर्मपाल सक्सेना का हाथ भी झुलस गया। आग की चपेट में गौशाला में रखा 10 कुंतल गेहूं, तीन ट्राली भूसा,फर्नीचर बनाए जाने की एक लाख की लकड़ी ,दरवाजे,खिडक़ी,एक साइकिल,दो कुंतल प्याज व अन्य सामान जल कर राख हो गया।

# उत्तराखंड पुलिस को किसी भी गैंग को पकड़ने में दक्षता हासिल है : अजय सिंह, एसएसपी

## दून पुलिस को रिलायंस ज्वैलरी शोरूम में हुई डकैती की घटना के मिले ठोस सबूत, गैंग को किया गया चिन्हित

- गिरफ्तारी/बरामदगी के लिए गैर प्रांतों में लगातार हो रही दबिश
- सीनियर अफसर के नेतृत्व मे की जा रही है कार्रवाई
- दून पुलिस महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कर अपराधियों के पहुंची नजदीक
- वेपन के लिए कार में अलग स्पेस वेल्डिंग कर के बनाया गया
- कई महीनो की तैयारी के पश्चात गैंग द्वारा की जाती है घटना कारित
- अन्य बड़े-बड़े ज्वेलरी शॉप में दे चुका है गैंग घटना को अंजाम
- दून पुलिस की तत्परता से गैंग चिन्हित अन्य प्रांतों में की जा रही है कार्रवाई
- घटनास्टथल से गैंग निकटवर्ती राज्यों में अपने छुपने का बनाता था ठिकाना, धनतेरस पर ज्वेलरी बिकने की संभावना के चलते दिया घटना को अंजाम मानिनीय की सुरक्षा से अभियुक्तों द्वारा की गई घटना का नहीं है कोई मेल














**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 14 नवंबर , राज्य स्थापना दिवस के दिन जब पुलिस लाइंस में राष्ट्रपति अपना भाषण दे रही थी उस वक़्त कुछ शातिर डकैतों द्वारा दिन दहाड़े प्रदेश की सबसे भीषण डकैती को अंजाम दिया जा रहा था।राजपुर रोड स्थित रिलायंस ज्वैलरी शोरूम में हुई लूट की घटना के बाद एसएसपी अजय सिंह ने इसको चुनौती मानते हुए तेज़ कार्रवाई शुरू की जिसके कारण अभियुक्तों ने घटना में इस्तेमाल 2 मोटरसाइकिलों व आर्टिगा कार को पुलिस टीम की सख्त चेकिंग के दौरान सैलाकुई में छोड़ दिया गया था और अब बड़ी खबर ये है कि घटना में शामिल गैंग को पुलिस ने चिन्हित कर लिया है। इस गैंग द्वारा सुनिश्चित तरीके से कई महीनो पूर्व से ही घटना की प्लानिंग करते हुए घटनास्थल की भली भांति रैकी करने के उपरांत ही घटना को अंजाम दिया है।

डकैती कांड पर राजनीति नहीं पुलिस का हौसला बढ़ाएं

अभियुक्तों द्वारा घटना में प्रयुक्त कार की फोरेंसिक जांच में पुलिस टीम को कार के गियर बॉक्स के नीचे से एक सीक्रेट बॉक्स मिला है, जो नियमित चेकिंग के दौरान पकड़ में आना लगभग असंभव है।

अभियुक्तों द्वारा उक्त सीक्रेट बॉक्स को हथियारों को छुपाने के लिए इस्तेमाल किया

> इस बेहद दुर्दांत डकैती के मामले में अब उत्तराखंड पुलिस ने अनुरोध किया है की उत्तराखंड पुलिस की दक्षता किसी भी गैंग को पकड़ने में हासिल है, प्रकरण में राजनीति न करते हुए अपनी प्रदेश पुलिस का हौसला बढ़ाए,जब गैंग सुनियोजित तरीके से वारदात को अंजाम दे रहा तो उनकी गिरफ्तारी में थोड़ा समय लगेगा पर उत्तराखंड पुलिस सभी चुनौती को स्वीकार कर शीघ्र पर्दाफाश करेगी। इस घटना का तात्कालिक तौर पर राष्ट्रपति के भ्रमण से कोई संबंध नहीं है।अतः अनुरोध है कि उक्त घटना को राजनीतिक मुद्दा ना बनाएं
>
> **- अजय सिंह , एसएसपी , देहरादून**

जाता था। राजपुर रोड में ज्वेलरी शोरूम में की गई घटना भी की प्लानिंग भी उक्त गैंग द्वारा कई महीने पूर्व से की गई थी, जिसके लिए घटना में प्रयुक्त कार को 6 माह पूर्व आगरा से तथा 02 मोटरसाइकिलों को 2 महीने पूर्व गुरुग्राम से चोरी किया गया था।

अभियुक्तों को जानकारी थी कि धनतेरस के समय ज्वेलरी शोरूम में काफी भारी मात्रा में ज्वेलरी की सप्लाई की जाएगी तथा गैंग द्वारा धनतेरस से पूर्व के दिन को ही संभवतः इस कारण से घटना के लिए चुना गया था क्योंकि धनतेरस पर शोरूम से अधिकतर ज्वेलरी के बिक जाने की संभावना थी।

## लक्सर में दीवाली पर कम रहा पटाखों का शोर

रुडक़ी। इस बार दिवाली पर पटाखों का शोर बहुत कम रहा। हर साल की तरह हंसी खुशी के साथ दीवाली का त्योहार मनाया गया। लक्सर बार के पूर्व अध्यक्ष सहदीप सिंह, पवन सिंह वर्मा ने बताया कि सरकार प्रदूषण रोकने को कड़े कदम उठा रही है। साथ ही युवा भी जागरूक हो रहे हैं। इसलिए पटाखों का कम इस्तेमाल हो रहा है।

## गुरचरण सिंह बब्बर को पुलिस ने नारसन बार्डर पर रोका

रुडक़ी। ऑल इंडिया सिख कांफ्रेंस के अध्यक्ष गुरचरण सिंह बब्बर को पुलिस ने नारसन बार्डर पर रोक लिया। उन्होंने कहा कि ज्ञान गोदड़ी को लेकर सिख समाज में भारी गुस्सा है। इस मामले में अभी तक केवल आश्वासन के सिवा कुछ नहीं मिला है। गुरचरण सिंह बब्बर को पुलिस ने नारसन बॉर्डर पर रोक लिया। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से वार्ता कर बताया कि वह बंदी छोड़ पर्व के मौके पर हरिद्वार में दीप प्रज्वलित करने के लिए अकेले ही जा रहे थे। कुछ मंदिरों में भी उनके जाने का कार्यक्रम था लेकिन पुलिस प्रशासन ने उन्हें आगे जाने नहीं दिया।

## फैकल्टी मेंटर प्रशिक्षण लेकर वापस लौटी डॉ. रेणु देवी

रुडक़ी। रानी धर्म कुंवर राजकीय डिग्री कॉलेज दल्लावाला खानपुर में हिंदी विभाग की प्रो. रेणू देवी का चयन भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद में फैकल्टी मेंटर के लिए हुआ है।कॉलेज के स्टाफ और छात्र-छात्राओं ने उन्हें सम्मानित किया। दल्लावाला डिग्री कॉलेज की प्राचार्य डॉ. निवेदिता प्रियदर्शिनी ने बताया कि पिछले दिनों भारतीय उद्यमिता संस्थान अहमदाबाद की ओर से फैकल्टी मेंटर कार्यक्रम शुरू किया गया था। इसके चयन के लिए डिग्री कॉलेज के प्राध्यापकों का 54 प्रश्नों का ऑनलाइन टेस्ट लिया था। डॉ. रेणू देवी ने भी यह टेस्ट दिया था। इसमें चयन के बाद उन्होंने 5 से 10 नवंबर तक अहमदाबाद में कार्यक्रम में हिस्सा लिया। वहां से लौटने पर उन्हें सम्मानित किया गया। डॉ. रेणू देवी ने बताया कि छात्र-छात्राओं तथा स्थानीय लोगों में उद्यमिता कौशल का विकास करना ही कार्यक्रम का उद्देश्य है।

## भैया दूज लेकर जा रहे दंपत्ति घायल

रुडक़ी। झबरेड़ा गुरुकुल मार्ग ग्राम कोटवाल आलमपुर के पास गन्नों से भरी ट्रैक्टर बोगी की चपेट में बाइक आ गई। इसमें दंपति घायल हो गया। ग्राम सुल्तानपुर निवासी अर्पित अपनी पत्नी ममता के साथ बाइक से भैया दूज लेकर जा रहे थे। जैसे ही बाइक ग्राम कोटवाल आलमपुर के पास आई तो गन्नों से भरी ट्रैक्टर बोगी की चपेट में आ गई। दोनों बाइक सवार पति-पत्नी बाइक सहित सडक़ पर गिर गए तथा घायल हो गए। दूसरी ओर से आ रहे ट्रक को लोगों के शोर मचाने पर ट्रक ड्राइवरने रोक दिया। इससे बड़ा हादसा होते-होते बच गया।

## दीपोत्सव में मन के मैल की सफाई का लिया संकल्प

रुडक़ी। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सेवा केंद्र पर दीपोत्सव में मन के मैल की सफाई का संकल्प लिया गया। मुख्य अतिथि सहारनपुर के विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट विनोद श्रीवास्तव ने कहा कि उन्हें ब्रह्माकुमारीज केंद्र पर आकर सुखद अनुभूति हुई है। संस्था से जुड़े श्रीगोपाल नारसन ने बताया कि संस्था अध्यात्म की अलख जगाकर चरित्र निर्माण की शिक्षा दे रही है। केंद्र प्रभारी बीके गीता ने ईश्वरीय वाणी सुनाने के साथ ही दीपावली के आध्यात्मिक रहस्य की जानकारी दी। बीके रजनी के संचालन में मुख्य अतिथि को पौधा व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## 25 हजार का इनामी यूपी में चला रहा था गुड़ की चरखी

रुडक़ी। कोतवाली पुलिस ने 25 हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। वह बहराइच में गुड़ की चरखी चला रहा था। गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के सफरपुर में प्रधान के चुनाव में झगड़ा हो गया था। इसके साथ ही आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली थी। आरोपियों को उम्र कैद की सजा सुनाई गई। जुल्फिकार और आबिद ने ऊपरी कोर्ट में जमानत की याचिका दायर की थी। करीब एक साल से आबिद और जुल्फिकार फरार चल रहे थे। एसएसपी के आदेश पर हत्या में फरार जुल्फिकार और आबिद के खिलाफ 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

# संक्षिप्त खबरें

## हरिद्वार में सोमवती अमावस्या पर उमड़े श्रद्धालु

हरिद्वार। हरिद्वार में सोमवती अमावस्या पर श्रद्धालुओं की अच्छी खासी भीड़ उमड़ी। हरकी पैड़ी सहित अन्य गंगा घाटों पर हर-हर गंगे के जयकारों के साथ श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया। वहीं व्यवस्था बनाने में पुलिसबल मुस्तैदी से तैनात रहा। ट्रैफिक प्लान को लागू करने की आवश्यकता नहीं पड़ी। हर-हर गंगे, जय मां गंगे का जयघोष और हरकी पैड़ी की तरफ बढ़ते श्रद्धालुओं के कदम, मन में बस एक ही आशा की हरकी पैड़ी पहुंचकर गंगा स्नान कर पुण्य कमाना है। यह नजारा सोमवती अमावस्या पर सोमवार भोर से शुरू हुए गंगा स्नान पर धर्मनगरी में देखने को मिला। उत्तरी हरिद्वार के सप्तऋषि, भूपतवाला, खडख़ड़ी और मध्य हरिद्वार के ललतारौ पुल, पोस्ट ऑफिस और अपर रोड पर अन्य दिनों की अपेक्षा अच्छी खासी भीड़ नजर आई। भीमगोड़ा बैरियर से हरकी पैड़ी जाने वाले श्रद्धालुओं को पैदल ही जाने दिया गया है। ई रिक्शा, ऑटो, विक्रम को बैरियर से अंदर आने की अनुमति नहीं दी गई। स्थानीय लोगों को दुपहिया वाहनों से जाने दिया गया। भीड़ कम होने के कारण हाईवे पर जाम नहीं लगा। हालांकि पुलिसकर्मियों की ड्यूटियां लगाई गई थीं। पुलिस ने मेला क्षेत्र को पांच सुपर जोन 16 जोन और 39 सेक्टर में किया गया विभाजित किया था। भीड़ कम होने के कारण पुलिस को राहत रही।

## रॉकेट ने शहर में किया 5.30 लाख का नुकसान

रुडक़ी। दिवाली पर रॉकेट ने शहर में तीन जगह पर आग लगा दी। इस वजह से करीब 5.30 लाख रुपये का नुकसान हुआ।। देररात तक अग्निशमन की टीम आग बुझाने में लगी रही। दिवाली पर हर साल आग लगने की घटनाएं होती रहती है। रविवार रात लक्ष्मी पूजन के बाद शहर भर में लोगों ने जमकर आतिशबाजी की। इस आतिशबाजी में एक घर का मीटर, एक कबाड़ गोदाम में आग लग गई। इसके अलावा अग्निशमन को सूचना मिली कि डाकघर के पास अशोक कुमार अपनी पत्नी के साथ रहते हैं। जबकि बच्चे विदेश में नौकरी करते हैं। इस बीच एक रॉकेट ने घर के एक गद्दे में आग लगा दी। गद्दे के आग पकडऩे पर वह बिजली मीटर तक पहुंच गई। इस बीच दंपति की आंख खुली। उन्होंने सूचना अग्निशमन विभाग तक पहुंचा दी। इसके बाद टीम ने विद्युत कनेक्शन बंद कर कर आग पर काबू पाया। इसके बाद टीम स्टेशन की ओर रवाना हो गई लेकिन फिर पैथोलॉजी लैब की गली में बीएसएम चौक के पास कबाड़ गोदाम में रॉकेट से आग लगी। उसे बुझाने के लिए अग्निशमन को करीब एक घंटे तक पसीना बहाना पड़ा।